उज्जैन
मंगलवार
07
अप्रैल, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-153
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



रश्मिका मंदाना की फिल्म 'मायसा' का नया पोस्टर रिलीज चेहरे पर धूल और आंखों में गुस्सा, 30वें जन्मदिन पर दिखा एक्ट्रेस का इंटेंस लुक



## ईरान को एक रात में खत्म कर सकते हैं, ये कल भी हो सकता है

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान जंग पर सोमवार रात (भारतीय समय के मुताबिक) प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि



ईरान के खिलाफ अमेरिका की जंग अच्छी चल रही है। अमेरिका चाहे तो पूरे ईरान को एक रात में खत्म कर सकता है। जरूरत पड़ी तो वह रात कल भी हो सकती है। ट्रम्प ने ईरान में फंसे अमेरिकी पायलट को बचाने वाले ऑपरेशन को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा, मैंने अमेरिकी सेना को आदेश दिया था कि हमारे बहादुर सैनिकों को सुरक्षित घर लाने के लिए जो भी जरूरी हो, वह किया जाए। उन्होंने कहा, यह बहुत जोखिम भरा फैसला था, क्योंकि हमने 1-2 पायलट को निकालने के लिए 100 जान को दांव पर लगा दिया था।

## असम, केरल, पुडुचेरी में आज थमेगा चुनाव प्रचार

**तिरुवनंतपुरम।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएमके अध्यक्ष एम.के. स्टालिन ने आरोप लगाया है कि केंद्र ने पुडुचेरी को पूर्ण राज्य का दर्जा देने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई है, जबकि इस केंद्र शासित प्रदेश की विधानसभा ने 14 बार प्रस्ताव पारित करके ऐसी मांग की है। इधर, चुनाव आयोग ने असम, केरल और पुडुचेरी के लिए 'साइलेंस पीरियड' की घोषणा की है। जो मंगलवार शाम 5 बजे से शुरू होगा। यह समय सभी निर्वाचन क्षेत्रों में वोटिंग खत्म होने से ठीक 48 घंटे पहले का है। 'जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951' की धारा 126 के अनुसार, इस दौरान चुनाव प्रचार पर पूरी तरह से रोक रहेगी। यानी उम्मीदवार जनसभाएं, जुलूस, रैलियां, जनसंपर्क और कोई भी दूसरी गतिविधि नहीं कर सकेंगे।

## ब्रह्मोस प्रोजेक्ट से जुड़े रूसी वैज्ञानिक अलेक्जेंडर लियोनोव की मौत

**नई दिल्ली।** ब्रह्मोस मिसाइल प्रोजेक्ट से जुड़े रूस के प्रमुख वैज्ञानिक अलेक्जेंडर लियोनोव का 74 साल की उम्र में निधन हो गया है। वे रूस के



प्रमुख मिसाइल डिजाइनरों में शामिल थे। लियोनोव एनपीओ माशिनोस्ट्रोएनिया के सीईओ और चीफ डिजाइनर थे, जो भारत-रूस की ब्रह्मोस एयरोस्पेस का प्रमुख साझेदार है। उन्हें उन्नत मिसाइल तकनीक के विकास के लिए जाना जाता था। उन्होंने जिरकॉन हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल समेत कई अहम प्रोजेक्ट्स में योगदान दिया। इसके अलावा उन्होंने ग्रेनिट, वल्कन और बास्टियन जैसे मिसाइल, कोस्टल डिफेंस सिस्टम्स के विकास में भी भूमिका निभाई थी।

## इस्पात प्लांट में फर्नेस फटने के कारण नौ झुलसे

**रांची।** झारखंड के रामगढ़ जिले में हेसला क्षेत्र के अरगड्डा मोड़ के पास स्थित झारखंड इस्पात प्लांट प्राइवेट लिमिटेड में आज सोमवार सुबह तड़के फर्नेस फटने से भीषण धमाका हुआ, जिसमें नौ मजदूर बुरी तरह झुलस गए। वहीं घायलों में सात की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है, जिन्हें रांची के देवकमल अस्पताल रेफर किया गया है। दरअसल यह घटना यह घटना सुबह छह बजे के करीब हुई। जबकि इस घटना के बाद स्थानीय लोगों और मजदूर संगठनों में भारी आक्रोश है। लोगों ने प्लांट प्रबंधन पर सुरक्षा नियमों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वहीं जिला प्रशासन ने मामले की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं और प्रबंधन को घायलों के समुचित इलाज का निर्देश दिया है।

# रंजिश के चलते माकड़ोन में युवक की हत्या, बाजार बंद

## स्थिति को देखते हुए आसपास के थानों का पुलिस बल बुलाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मकड़ोन में रात को पुरानी रंजिश के चलते चाकू मार कर युवक की हत्या कर दी गई। आज सुबह मृतक के परिवार और समाजजनों ने आक्रोशित होकर बाजार बंद कर दिया। स्थिति को देखते हुए आसपास के थानों का पुलिस बल बुला लिया गया है।

बताया जा रहा है की गंगा जालिया मोहल्ले में रहने वाला लखन पिता जगदीश सोलंकी जाति मोगिया 25 साल मकड़ोन के आगर रोड स्थित राधा स्वामी सत्संग आश्रम के पास बने ढाबे पर रात में खाना खाने गया था, जहां पुरानी रंजिश के चलते पहले से ढाबे में बैठे शंकर सिंह



दिलीप सिंह मनोहर सिंह और दो-तीन अन्य ने चाकू से हमला कर दिया। लखन सोलंकी खून से लथपथ हो गया उसे अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी, हत्या का मामला सामने आने पर रात में ही पुलिस अस्पताल और घटनास्थल पहुंच गई थी।

### 2 साल पहले सोंधिया और मोगिया पक्ष के दो गुटों में विवाद हुआ था

आज सुबह मृतक के परिजन और समाजजन आक्रोशित हो गए उन्होंने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए बाजार बंद कर दिया, स्थिति को देखते हुए आसपास के थानों का पुलिस बल भी मकड़ोन बुला लिया गया। बताया जा रहा है कि डेढ़ 2 साल पहले सोंधिया और मोगिया पक्ष के दो गुटों में विवाद हुआ था उसे दौरान भी सोंधिया समाज ने बाजार बंद कराया था उक्त विवाद में लखन सोलंकी ने बीच बचाव किया था जिसकी रंजिश सोंधिया के लोग रख रहे थे रात में ढाबे पर आमना-सामना होने पर चाकू से हमला किया गया।

## प्रसिद्ध टीवी एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे महाकाल की शरण में



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रसिद्ध टीवी और फिल्म एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे मंगलवार तड़के कारोबारी पति विक्की जैन के साथ श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचीं। यहां दोनों ने भस्म आरती में शामिल होकर बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया। अंकिता और विक्की सुबह करीब 4 बजे मंदिर पहुंचे। दोनों ने नंदी हाल में बैठकर भगवान महाकाल के दर्शन किए और पूरे समय भक्ति में लीन नजर आए।

**नंदी जी के कान में कही मनोकामना-** दर्शन के दौरान दोनों ने नंदी जी का पूजन किया और परंपरा के अनुसार उनके कान में अपनी मनोकामना भी कही। इसके बाद मंदिर की देहरी से जल अर्पित कर भगवान का आशीर्वाद लिया।

**अंकिता बोलीं- पहली बार भस्म आरती का अनुभव-** अंकिता लोखंडे ने कहा कि वह इंदौर की रहने वाली हैं और बचपन में कई बार महाकाल मंदिर आई हैं, लेकिन भस्म आरती में पहली बार शामिल हुईं। आज जो अनुभूति हुई, उसे शब्दों में बयान नहीं कर सकती। सोशल मीडिया पर आरती देखना और सामने बैठकर देखना बिल्कुल अलग अनुभव है। ऐसा लगता है जैसे महाकाल की उपस्थिति आपके सामने हो।

**मंदिर व्यवस्था की भी की तारीफ-** अंकिता ने मंदिर की व्यवस्थाओं की भी सराहना की और कहा कि यहां दर्शन की पूरी व्यवस्था बहुत अच्छी है।

## सेंसेक्स में 200 अंक की गिरावट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

शेयर बाजार में आज यानी 7 अप्रैल को गिरावट है। सेंसेक्स करीब 200 अंक गिरकर 74,0800 पर कारोबार कर रहा है। वहीं, निफ्टी में भी 50 अंक की गिरावट है, ये 22,900 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। आज बैंकिंग, ऑटो और एफएमसीजी शेयरों में ज्यादा बिकवाली है।

**एशियाई बाजार में मिला-जुला कारोबार-** साउथ कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 0.20% चढ़कर 5,462 पर कारोबार कर रहा है। जापान का निक्केई 0.14% गिरकर 53,330 पर कारोबार कर रहा है। चीन का शंघाई कंपोजिट 3,880 पर फ्लैट कारोबार कर रहा है। अमेरिकी बाजार में 6 अप्रैल को बढ़त रही। डाउ जोन्स 165 अंक (0.36%) चढ़कर 46,669 के स्तर पर बंद हुआ। टेक बेस्ड इंडेक्स नैस्डैक कंपोजिट 0.54% चढ़कर 21,996 पर बंद हुआ।

## एअर इंडिया सीईओ कैंपबेल विल्सन ने इस्तीफा दिया

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर कैंपबेल विल्सन ने इस्तीफा दे दिया है। न्यूज एजेंसी ने मंगलवार को सूत्रों के हवाले से इसकी जानकारी दी। कई मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि एयर इंडिया ने नए सीईओ की तलाश भी शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार, विल्सन सितंबर में अपना पद छोड़ सकते हैं। पिछले हफ्ते हुई कंपनी की बोर्ड बैठक में उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है। विल्सन को 2022 में एअर इंडिया का उएड और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया था। उनका कॉन्ट्रैक्ट 5 सालों के लिए, जुलाई 2027 तक था। रिपोर्ट्स के अनुसार, एयरलाइन अहमदाबाद प्लेन क्रैश की फाइनल जांच रिपोर्ट आने के बाद नए सीईओ की नियुक्ति करेगी।

### 14 अप्रैल को खत्म होगा खरमास...

## फिर सुनाई देगी शहनाई की गूंज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

15 मार्च 2026 से खरमास शुरू हुआ था जो कि 14 अप्रैल को सूर्य के मेष राशि में गोचर करते ही समाप्त हो जाएगा। खरमास में शादी जैसे मांगलिक कार्य वर्जित होते हैं। खरमास खत्म होते ही यह रोक हट जाएगी जिससे एक बार फिर शहनाइयां बजने लगेंगी।

द्रिक पंचांग के अनुसार 14 अप्रैल 2026 की सुबह 09:38 बजे सूर्य मेष राशि में गोचर करेंगे। जिससे खरमास खत्म होगा। वहीं 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया है जिससे शादी समेत सभी शुभ कार्यों के लिए अबूझ मुहूर्त माना जाता है।



### अप्रैल 2026 के विवाह मुहूर्त

- **15 अप्रैल, बुधवार** - उत्तर भाद्रपद नक्षत्र में दोपहर 03:22 बजे से रात 10:31 बजे तक का समय विवाह के लिए शुभ है।
- **19 अप्रैल, रविवार** - अक्षय तृतीया का पूरा दिन विवाह के लिए शुभ है।
- **20 अप्रैल, सोमवार** - रोहिणी नक्षत्र में सुबह 04:35 बजे से 07:28 बजे तक का समय विवाह के लिए अनुकूल मुहूर्त है।
- **21 अप्रैल, मंगलवार** - मृगशिरा नक्षत्र में सुबह 04:15 बजे से 05:52 बजे तक का समय विवाह के लिए शुभ मुहूर्त है।
- **26 अप्रैल, रविवार** - मघा नक्षत्र में सुबह 05:47 बजे से रात 08:27 बजे तक विवाह करना शुभ रहेगा।
- **27 अप्रैल, सोमवार** - उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र में रात 09:18 बजे से 09:35 बजे तक विवाह के लिए शुभ मुहूर्त है।
- **28 अप्रैल, मंगलवार** - यह पूरा दिन विवाह के लिए शुभ है।
- **29 अप्रैल, बुधवार** - हस्त नक्षत्र के दौरान सुबह 05:59 बजे से शाम 07:52 बजे तक का समय शादी के लिए शुभ है।



## खबर एक नजर...

### खरसौदखुर्द टोल प्लाजा पर तोड़फोड़, 8 कर्मचारी घायल

**उज्जैन।** इंगोरिया थाना क्षेत्र के उज्जैन-बदनावर फोरलेन हाईवे पर ग्राम खरसौदखुर्द टोल प्लाजा पर रविवार-सोमवार रात 3 युवकों ने जमकर उत्पात मचाते हुए तोड़फोड़ की और कर्मचारियों के साथ बेल्ट-डंडे से मारपीट की। घटनाक्रम में टोल कर्मचारी प्रेमसिंह सोलंकी, हरीश परमार, मयूर मकवाना, भरत चौहान, ओम मांडेल, धर्मेन्द्रसिंह, रितेशसिंह, नीरज घायल हो गये। तीनों युवकों ने टोल बेरियर के साथ केबिन और मेस में जमकर तोड़फोड़ की। टोल पर तोड़फोड़ की खबर मिलते ही इंगोरिया थाना प्रभारी दिपेश व्यास टीम के साथ मौके पर पहुंच गये थे। वही मारपीट और तोड़फोड़ करने वाले 3 युवकों जितेन्द्र पिता राजेन्द्र राठौर, मानसिंह पिता भंवरसिंह राजपूत निवासी भाटपचलाना और विशाल सिसौदिया निवासी बड़नगर को हिरासत में लिया। मामले में टोल कर्मचारी पुष्पेन्द्रसिंह ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि मारपीट और तोड़फोड़ करने वाले मारुति में सवार होकर आये थे। उन्होने पहले प्रेमसिंह से कहा कि मैनेजर के बारे में पूछा और मारपीट शुरू कर दी, उसके बाद केबिन में घुसे फिर मेस तक पहुंच गये। थाना प्रभारी व्यास के अनुसार मारपीट और तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 296 (ए), 324 (4), 351 (3) 3 (5) का प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। मामला बिना टोल चुकाये गाड़ी निकालने से जुड़ा हुआ है।

### कार की डिक्की में इनमी तस्कर ने छुपा रखा था गांजा

**उज्जैन।** मादक पदार्थ तस्करी में शामिल इनामी तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसकी कार की डिक्की में छुपाकर रखा 4 किलो से अधिक गांजा बरामद किया है। पूर्व में गिरफ्तार 2 गांजा सप्लायरों ने उक्त तस्कर से गांजा लाना बताया था। पुलिस ने तस्कर के गिरफ्त में आने पर उसे कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है। भाटपचलाना थाना पुलिस ने 26 फरवरी को नारायणसिंह पंवार ग्राम लोहारी को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया था। जिससे पूछताछ में पता चला था कि वह मादक पदार्थ दीपक पिता देवीसिंह कुशावह निवासी ओझा कालोनी नागदा से लेकर आया है। दीपक की तलाश पुलिस ने की, लेकिन वह फरार होना सामने आया। इसी बीच 3 अप्रैल को भाटपचलाना पुलिस ने ग्राम खरसौदकला से महेश पिता अमरसिंह को 1 किलो 800 ग्राम गांजे के साथ पकड़ा। जिसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई तो उसने दीपक कुशवाह से गांजा लाना कबूल किया। दीपक की पूर्व में गिरफ्तारी नहीं होने पर एसपी प्रदीप शर्मा द्वारा 10 हजार का इनाम घोषित किया गया था। थाना प्रभारी सत्येन्द्र चौधरी ने बताया कि 2 गांजा सप्लायरों को गिरफ्तार करने पर दीपक का नाम सामने आने पर उसकी सरगर्मी से तलाश शुरू की गई।

### डेढ़ करोड़ राम नाम लेखन करने पर किया मालवीय का सम्मान



**उज्जैन।** सांई मंदिर परिसर में सांई सेवा समिति और सांई मंदिर ट्रस्ट ने मंदिर परिसर में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया। इसमें डेढ़ करोड़ राम नाम लिखकर समर्पित करने वाले मंदिर समिति सदस्य और खिचड़ी समिति अध्यक्ष सुरेंद्र मालवीय का शाल, श्रीफल भेंटकर व पुष्पमाला पहनाकर कर सम्मान किया गया। साथ ही प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक मुकेश जोशी को भी सम्मानित किया। अध्यक्षता समिति अध्यक्ष रमेश परवाल ने की। समिति पदाधिकारियों और सदस्यों ने दोनों का स्वागत कर मालवीय के सतत साधना कार्य की सराहना की तथा जोशी के कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर ट्रस्टी ओम बंसल, सचिव हेमेंद्र खंडेलवाल, मंदिर प्रबंधक सत्यनारायण शर्मा दद्दू, योगेश व्यास, नरेंद्र मालवीय आदि मौजूद थे।

# बाबा महाकाल को 70 लाख के चांदी के आभूषण अर्पित

## गुजरात के भक्त ने 29 किलो आभूषण दान में दिए, पगड़ी से लेकर मुकुट तक शामिल





**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

श्री महाकालेश्वर मंदिर में गुजरात से आए एक दानदाता ने करीब 70 लाख रुपए मूल्य के चांदी के आभूषण बाबा महाकाल को अर्पित किए। भक्त सोमवार को अपने परिवार के साथ मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने लगभग 29 किलो रजत से बने आभूषण मंदिर समिति को दान किए।

महाकाल मंदिर के सहायक प्रशासक एस.एन. सोनी ने बताया कि अहमदाबाद (गुजरात) से दर्शन के लिए आए दानदाता महेश भाई भगवानदास ठाकुर ने भगवान श्री महाकालेश्वर के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए चांदी के आभूषण भेंट किए।

अहमदाबाद (गुजरात) से दर्शन के लिए आए दानदाता महेश भाई भगवानदास ठाकुर ने भगवान श्री महाकालेश्वर के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए चांदी के आभूषण भेंट किए। अहमदाबाद (गुजरात) से दर्शन के लिए आए दानदाता महेश भाई भगवानदास ठाकुर ने भगवान श्री महाकालेश्वर के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए चांदी के आभूषण भेंट किए। दान में चांदी की पगड़ी, गंगाजली युक्त मुकुट, नागफन जड़ित मुकुट, सूर्यकिरण जड़ित मुकुट, चंद्रमा युक्त मुकुट, मुण्डमाला, कुंडल, कटोरा, धूपिया, गरुड़, डमरू-घंटी, रुद्राक्ष माला, त्रिपुण्ड, चंवर, चंद्रमा, नेत्र सहित अन्य रजत श्रृंगार सामग्री शामिल है। इन सभी सामग्रियों का कुल वजन जड़ित वस्तुओं सहित 29 किलो 941 ग्राम है। बाजार मूल्य लगभग 70 लाख रुपए आंका गया है, हालांकि चांदी की शुद्धता जांच के बाद ही वास्तविक कीमत तय होगी। इस पुनीत कार्य के लिए श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति ने दानदाता का स्वागत और सम्मान किया।

### सिंहस्थ 2028 से पहले एक्शन में प्रशासन, सिंहस्थ मेला अधिकारी ने जताई नाराजगी

# काम की धीमी गति पर, कंपनी पर लगाया 10 लाख का जुर्माना

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

संभागायुक्त एवं सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह ने सोमवार को सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के तहत निमार्णाधीन जल परियोजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सिलारखेड़ी-सेवरखेड़ी परियोजना को नेट-जीरो एनर्जी मॉडल पर संचालित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कान्ह क्लोज डक्ट परियोजना में काम की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने निर्माण कंपनी पर 10 लाख रुपए का जुर्माना लगाने के निर्देश दिए।

उज्जैन में आगामी सिंहस्थ मेले को ध्यान में रखते हुए करीब 1500 करोड़ रुपए की लागत वाली सिलारखेड़ी-सेवरखेड़ी और कान्ह क्लोज डक्ट परियोजनाओं का जायजा लेने पहुंचे संभागायुक्त एक्शन मोड में नजर आए। कान्ह डायवर्शन क्लोज डक्ट परियोजना की धीमी गति पर उन्होंने सख्ती दिखाई और एक सप्ताह में कार्य में सुधार नहीं होने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

**सौर ऊर्जा से चलेगी परियोजना, खर्च होगा शून्य-** आशीष सिंह ने कहा कि सेवरखेड़ी बैराज से पानी लिफ्ट करने के लिए



सौर ऊर्जा का उपयोग किया जाए, जिससे परियोजना शून्य खर्च आधारित बन सके। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सेवरखेड़ी जलाशय के आसपास बड़े स्तर पर सोलर पैनल स्थापित करने की योजना तैयार की जाए, ताकि पानी लिफ्ट करने में लगने वाली बिजली की पूर्ति सौर ऊर्जा से हो सके। इससे परियोजना का संचालन बिना अतिरिक्त ऊर्जा खर्च के संभव होगा और यह पूरी तरह ग्रीन एनर्जी आधारित बनेगी।

**300 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित होगा जलाशय-** परियोजना के तहत मानसून के दौरान सेवरखेड़ी बैराज से लगभग 51 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी लिफ्ट कर सिलारखेड़ी जलाशय में संग्रहित किया जाएगा। करीब 300 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित हो रहे इस जलाशय के आसपास सोलर पैनल लगाए जाएंगे, जिससे बिजली खर्च शून्य रहेगा और संचालन पर्यावरण के अनुकूल होगा। परियोजना को दिसंबर 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

## विवि में स्नातक द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं आज से




**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में स्नातक द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं 7 अप्रैल से शुरू होंगी। इधर स्नातक स्तर पर बीए, बीएससी और बीकॉम की प्रथम वर्ष की परीक्षाओं का कार्यक्रम अब तक विश्वविद्यालय की ओर से जारी नहीं किया गया है।

विश्वविद्यालय की ओर से जारी किए गए परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार स्नातक स्तर पर द्वितीय वर्ष की 7 अप्रैल से शुरू होंगी। जिसमें बीए, बीएफए, बीकॉम, बीएससी, बीएचएससी, बीबीए और बीसीए द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं 7 अप्रैल से शुरू होकर 13 मई तक चलेंगी। इधर बीए, बीएससी और बीकॉम प्रथम वर्ष का परीक्षा कार्यक्रम सोमवार देर शाम तक भी जारी नहीं हो सका है। अधिकारियों का कहना है कि प्रथम वर्ष के परीक्षा फॉर्म जमा करने की प्रक्रिया चल रही है। इसलिए परीक्षा कार्यक्रम फिलहाल जारी नहीं किया गया है। ऐसे में संभावना है कि अप्रैल के तीसरे या चौथे सप्ताह से प्रथम वर्ष की परीक्षाएं शुरू करवाई जाएंगी। कुलानुशासक प्रो. शैलेंद्र कुमार शर्मा ने बताया बीए, बीएससी और बीकॉम प्रथम वर्ष का टाइम टेबल जल्द ही जारी कर दिया जाएगा।

# जीवनदीप के सेवाकार्य देश के लिए अनूठा उदाहरण हैं -देवेंद्र ब्रह्मचारी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

दुनिया युद्ध और वैमनस्य के दौर से गुजर रही है। ऐसे समय भगवान महावीर के अहिंसा, दया, करुणा के सिद्धांत ही विश्व शांति का रास्ता दिखाते हैं। जीवनदीप संस्था इन्हें जमीन पर उतार रही है। जीवनदीप के सेवा कार्य देश के लिए अनूठा उदाहरण हैं।

यह बात जीवनदीप संस्था के विशेष संवाद और समीक्षा कार्यक्रम में मार्गदर्शक देवेंद्र ब्रह्मचारी ने कही। उन्होंने संस्था के प्रकल्पों की सराहना की। समीक्षा के दौरान शहर के सामाजिक और सेवा क्षेत्र के लिए बड़ी घोषणा की गई। ब्रह्मचारी के निर्देशन



में आगामी 3-4 माह में उज्जैन में विशाल सेवा समागम होगा। इसका उद्देश्य देश के प्रतिष्ठित कॉर्पोरेट घरानों, उद्योगपतियों, देश-विदेश के श्रेष्ठिवर्ग को जीवनदीप की सेवा गतिविधियों से सीधे परिचित कराना तथा समाज के सक्षम वर्ग को इन प्रकल्पों से जोड़ना है। ब्रह्मचारी ने खाराकुआं में विराजित आचार्य विश्वरत्न सागर सूरीश्वर से भेंट की। इस दौरान भगवान महावीर के सिद्धांत जन-जन तक पहुंचाने पर धर्मचर्चा हुई। संवाद कार्यक्रम में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, संस्था के संरक्षक पारसचंद्र जैन, समाजसेवी नारायण यादव, अशोक जैन सहित संस्था के मार्गदर्शक आदि मौजूद थे।

उज्जैन
मंगलवार
07
अप्रैल, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

विद्या वितर्को विज्ञानं स्मृतिः तत्परता क्रिया।
यस्यैते षड्गुणास्तस्य नासाध्यमतिवर्तते।।
अर्थः ज्ञान, तर्क शक्ति, विज्ञान, स्मृति शक्ति, तत्परता और दक्षता, जिसके पास ये छह हैं, उसके लिए कुछ भी लाइलाज नहीं है।

## खबर एक नजर...

### जिम संचालक पर तलवार से हमला, कार पार्किंग को लेकर हुआ था विवाद

**इंदौर।** शहर के एरोड्रम इलाके में कार पार्किंग को लेकर हुआ मामूली विवाद अचानक हिंसक हो गया। गुस्साए पड़ोसी ने जिम संचालक पर तलवार से हमला कर दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले में संज्ञान लिया है। मामला 60 फीट रोड का है, जहां आशु व्यास जिम का संचालन करते हैं। उनका पास में रहने वाले व्यक्ति से कार पार्किंग को लेकर विवाद हुआ था। कहासुनी के बाद मामला इतना बढ़ा कि पड़ोसी तलवार लेकर मौके पर पहुंच गया और अचानक हमला कर दिया। हमले के दौरान आशु व्यास ने हाथ से तलवार रोकने की कोशिश की। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर उनकी जान बचाई। घटना का वीडियो मौके पर मौजूद लोगों ने बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने वीडियो के आधार पर मामले को संज्ञान में लिया है और जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक देर शाम दोनों पक्षों के बीच थाने में समझौता हो गया। हालांकि तलवार से हमले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अपने स्तर पर जांच कर रही है।

### देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की नीतियों के खिलाफ आरएनटी परिसर में होगा विरोध

**इंदौर।** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में व्याप्त समस्याओं और छात्र हितों की अनदेखी के विरोध में एनएसयूआई अब उग्र आंदोलन करेगी। संगठन द्वारा 7 अप्रैल को दोपहर 1:30 बजे विश्वविद्यालय के आरएनटी परिसर में जंगी प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। एनएसयूआई पदाधिकारियों का कहना है कि विश्वविद्यालय में विभिन्न प्रशासनिक और शैक्षणिक समस्याओं के चलते छात्रों के भविष्य के साथ लगातार खिलवाड़ हो रहा है। इन मुद्दों को लेकर सैकड़ों छात्र प्रदर्शन में शामिल होकर विश्वविद्यालय की नीतियों का विरोध करेंगे। जिला अध्यक्ष रजत सिंह पटेल ने कहा कि एनएसयूआई वर्षों से छात्र हितों की लड़ाई लड़ता आ रहा है और इस बार भी छात्रों के अधिकारों के लिए मजबूती से आवाज उठाई जाएगी। प्रदर्शन में एनएसयूआई के प्रदेश, जिला और महाविद्यालय स्तर के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहेंगे। संगठन ने दावा किया है कि यह आंदोलन छात्र हितों की रक्षा के लिए निर्णायक साबित होगा।

### लिव इन पार्टनर ने प्रेमिका के घर एसिड पिया, मौत

**इंदौर।** बाणगंगा क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने लिव-इन में रहने वाली प्रेमिका के घर जाकर एसिड पी लिया। अस्पताल में इलाज के दौरान तीन दिन बाद युवक की मौत हो गई। युवक ने तीन पेज का सुसाइड नोट छोड़ा है, जिसमें प्रेमिका के परिजन पर मारपीट के आरोप लगाए हैं। पुलिस के मुताबिक मृतक का नाम सोहन निवासी चंदन नगर है। सोहन का सांवेर में रोड क्षेत्र में रहने वाली युवती से चार साल से प्रेम-प्रसंग था।

### सिंगल यूज प्लास्टिक और कचरा फेंकने पर कार्रवाई

**इंदौर।** जोन 6 के अंतर्गत एमआर-04 क्षेत्र में एक खाली प्लॉट पर अवैध रूप से कचरा फेंका गया पाया गया। जांच में मिले साक्ष्यों के आधार पर कचरे का स्त्रोत चिह्नित कर 56 दुकान स्थित ज्वेलर्स पर 80 हजार रुपए का स्पॉट फाइन लगाया गया।वहीं पंचशील नगर क्षेत्र में एक शराब दुकान के बाहर गंदगी और सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग मिलने पर जोन 16 की टीम ने संबंधित प्रतिष्ठान पर 10 हजार रुपए का जुर्माना किया।

---

### टीवी एक्ट्रेस रेमन कक्कर का शराब कारोबारी पर जमीन पर कब्जे का आरोप

# लैंड पर मांगी थी जमीन, नहीं दी तो खंभे गाड़े

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

हम किसी को हाथ जोड़कर मना कर रहे हैं कि हमें किराए पर जमीन नहीं देना है, लेकिन इसके बाद भी सामने वाला हमारी जमीन पर कब्जा कर रहा है। यह मेरे लिए सरप्राइजिंग था।

यह कहना है इंदौर की रहने वाली टीवी एक्ट्रेस रेमन कक्कर का। उन्होंने शराब कारोबारी और क्रिकेट टीम मालिक सूरज रजक पर अपनी 300 करोड़ की जमीन पर कब्जे का आरोप लगाया है। 3 अप्रैल की रात इंदौर में उन्होंने सूरज के खिलाफ एफआईआर कराई है। रेमन ने कहा कि मुंबई में ऐसा कुछ नहीं देखा, जैसा इंदौर में देखा। आरोपों पर सूरज रजक से संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने जवाब नहीं दिया। रेमन कक्कर ये तेरी गलियां, अपना टाइम आएगा और रब से है दुआ जैसे सीरियलों में काम कर चुकी हैं। वह शाहरुख खान और श्रीदेवी के साथ स्क्रीन शेयर कर चुकी हैं।





**देवास नाके पर करीब 6.84 एकड़ जमीन-** रेमन कक्कर ने बताया कि देवास नाके पर उनकी 6.84 एकड़ जमीन है। इसमें से सवा एकड़ जमीन इंदौर विकास प्राधिकरण को विकास के लिए दी गई है। सूरज ने मेरे हसबैंड और भाई को फोन कर 6 हजार स्क्वॉयर फीट जमीन किराए पर शराब की दुकान के लिए मांगी। लेकिन उन्होंने मना कर दिया। इसके बाद वह मेरी मम्मी से मिलने घर आया और जमीन किराए पर देने को कहा। मम्मी ने भी मना कर दिया। यह जमीन मेरी मम्मी, दोनों भाई और मेरे नाम पर है।

**एक्ट्रेस के पिता ने 1964 में खरीदी थी जमीन-** रेमन कक्कर ने बताया कि 3 अप्रैल को वह मुंबई से इंदौर आई थीं। दोपहर में पता चला कि जमीन पर कब्जा हो रहा है। वह तुरंत वहां पहुंचीं। वहां खंभे गड़े थे और शेड बन रहा था। इस दौरान पुलिस ने मदद की। जब वह लसूड़िया थाने पहुंचीं, पुलिसकर्मियों ने कहा कि टीआई नहीं हैं, कुछ देर बाद आना तब एफआईआर लिखी जाएगी। फिर टीआई आए और देर रात एफआईआर दर्ज की। रविवार को पता चला कि सूरज रजक ने भी थाने में आवेदन दिया, जो गलत है। यह जमीन मेरे पिता ने 1964 में खरीदी थी। इसका कुछ हिस्सा 2010 में इंदौर विकास प्राधिकरण को विकास के लिए दिया गया।

#### रेमन बोलीं- आईडीए भी संज्ञान लेकर एफआईआर कराए

रेमन कक्कर ने कहा कि परिवार ने आईडीए को डेवलपमेंट के लिए फ्री में जमीन दी थी, जिसकी कीमत 70 करोड़ से ज्यादा है। इसके बदले कोई मुआवजा नहीं मिला। उस जमीन पर शराब दुकान कैसे खुल सकती है? वहां सिर्फ सड़क बननी चाहिए। अगर वहां कोई काम करता, तो उसे आईडीए से अलॉटमेंट लेटर मिलता। लेकिन सड़क के लिए ली गई जमीन पर कमर्शियल एक्टिविटी कैसे हो सकती है? हमारी मांग है कि आईडीए भी संज्ञान लेकर एफआईआर कराए कि उसकी जमीन पर कब्जा हो रहा है। यह जमीन मुख्य सड़क पर है। इसकी कीमत 300 करोड़ रुपए है। रजक ने हाल ही में 150 करोड़ में शराब ठेका लिया है। मौजूदा दुकान पीछे है। इस जमीन पर दुकान खोलने से बिक्री बढ़ सकती है। हालांकि नियमों के मुताबिक यहां शराब दुकान खोलना संभव नहीं है।

---

### इंदौर जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

# टिगरिया बादशाह क्षेत्र में अवैध गोदाम पर छापा, 22 हजार लीटर सॉल्वेंट जब्त

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर जिला प्रशासन ने टिगरिया बादशाह क्षेत्र के समीप एक गोदाम पर सोमवार को बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर एसडीएम निधि वर्मा के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने छापा मारकर भारी मात्रा में बिना लाइसेंस के संग्रहित सॉल्वेंट बरामद किया।

कार्रवाई के दौरान गोदाम में करीब 22,000 लीटर डिस्टिल्ड सॉल्वेंट अवैध रूप से रखा पाया गया। इसके



अलावा मौके से ऑयल पेंट मिक्सर और पेंट रिमूवर भी मिले। जांच में सामने आया कि गोदाम संचालक के पास इन ज्वलनशील पदार्थों के भंडारण के लिए आवश्यक वैध लाइसेंस नहीं था।

सबसे गंभीर बात यह रही कि गोदाम में किसी प्रकार का फायर सेफ्टी सिस्टम मौजूद नहीं था। ऐसे में किसी भी दुर्घटना की स्थिति में आसपास के क्षेत्र में बड़ा हादसा हो सकता था और जनहानि की आशंका बनी हुई थी।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार नारायण नांदेडा ने मौके पर ही गोदाम को सील करने की कार्रवाई की। इस दौरान तहसीलदार ओंकार मनाग्रे, सहायक खाद्य अधिकारी अविनाश जैन तथा बाणगंगा थाने का पुलिस बल भी मौजूद था। यह गोदाम खातीवाला टैंक निवासी अब्दुल कादिर पिता फखरुद्दीन का है। कलेक्टर ने कहा कि अवैध रूप से ज्वलनशील पदार्थों का भंडारण करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

---

# केमिकल-फार्मा और ऊर्जा इंडस्ट्री गहरे संकट में

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

ईरान-इजराइल के बीच चल रहे युद्ध ने केमिकल-फार्मा और ऊर्जा इंडस्ट्री को गहरे संकट में डाल दिया है। एलपीजी, एसिडिटी और कफ-सीरप (खांसी की दवा) बनाने में काम आने वाले पेंटा केमिकल की भारी कमी हो गई है। कच्चे माल के दाम 50 से 200% तक बढ़ गए हैं, जिससे रोजमर्रा की दवाओं का उत्पादन और आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हो रही है। फार्मा, केमिकल और ऊर्जा क्षेत्र अपने कच्चे माल के लिए 75 से 80% तक विदेशों (मिडिल ईस्ट, चीन, अमेरिका) पर निर्भर है। सामान्य दिनों में जो कच्चा माल 30 से 45 दिन में आता था, वह अब 60 से 90 दिन ले रहा है। शिपमेंट के रेट 3 से 4 गुना बढ़ गए हैं। सदस्य, ड्रग मैन्युफैक्चरिंग एसो. के दर्शन कटारिया के अनुसार, मिडिल ईस्ट में बैंकों को पेमेंट करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस प्रतिबंध से पुराना पैसा फंसा हुआ है। पेंटा और प्रोपेलीन ग्लायकोल जैसे इंटरमीडिएट केमिकल एलपीजी और दवाओं में समान रूप से उपयोग होते हैं।

---

### इंदौर सराफा में सोना है पर तपाने को गैस नहीं, 15 दिन में पूरा हो रहा ऑर्डर


# 5 हजार कारीगरों ने छोड़ा शहर, बाकी पलायन की तैयारी में

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर का सराफा बाजार इन दिनों गंभीर संकट से जूझ रहा है। कमर्शियल गैस सिलेंडर की किल्लत ने सोने-चांदी के कारीगरों के सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है।

खासतौर पर बंगाली कारीगर सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि हजारों कारीगर काम छोड़कर पश्चिम बंगाल लौट चुके हैं, जबकि बाकी पलायन की तैयारी में हैं।

**आधुनिक तकनीक में गैस सिलेंडर जरूरी-** देवी अहिल्या बंगाली स्वर्ण शिल्पी सेवा समिति के अध्यक्ष सुशांत सामंत बताते हैं कि जेवर बनाने की कला समय के साथ बदली है। साल 2000 से गैस का उपयोग हो रहा है, जबकि पहले मोम और दीये से काम



होता था। अब पूरी तकनीक गैस पर आधारित है। कमर्शियल सिलेंडर की कमी से अगले 15 दिनों में काम ठप होने की आशंका है। पीएनजी लाइन की योजना और सर्वे हुआ था, लेकिन लागू नहीं हो पाया। प्रति दुकान 80 हजार रुपए की कॉस्टिंग कारीगर देने को तैयार थे, फिर भी काम अधर में है।

**पलायन का दर्द, रोजी नहीं तो शहर कैसा-** इंदौर सराफा में करीब 20 हजार बंगाली कारीगर काम करते हैं। अभिजीत माहितो के अनुसार गैस की कमी से 4 से 5 हजार कारीगर शहर छोड़ चुके हैं। उनका कहना है कि हमारे पास कोई विकल्प नहीं है। हम केवल कमर्शियल सिलेंडर इस्तेमाल करते हैं। गैस एजेंसी को फोन लगाओ तो जवाब मिलता है कि माल नहीं है। कारीगर इन्हीं सिलेंडरों पर खाना भी बनाते हैं।

**'वेटिंग पीरियड' बढ़ा, वर्किंग स्लो हुई-** गैस संकट का असर जेवरों की डिलीवरी पर पड़ रहा है। बसंत सोनी के अनुसार बंगाली कारीगरों का काम गैस के बिना संभव नहीं है और काम रुक गया है। सभी गोल्ड आइटम गैस पर निर्भर हैं। गैस की कमी से सिस्टम धीमा हो गया है। जो जेवर 2-4 दिन में तैयार होते थे, अब 15 दिन लग रहे हैं। रवि जोशी के अनुसार वैश्विक परिस्थितियों और गैस संकट ने दोहरी मार डाली है। वर्किंग स्लो हो गई है और सिलेंडर न होने से कारीगर गांव चले गए हैं। पहले 8-10 दिन में जेवर तैयार होते थे, अब 15-20 दिन लग रहे हैं। बाजार की अनिश्चितता से स्थिति और जटिल हो गई है।

**ग्राहक के लिए वजन नहीं, बजट प्राथमिकता-** गैस संकट और सोने की बढ़ती कीमतों के बीच ग्राहकों के व्यवहार में बदलाव आया है। सराफा व्यापारी के अनुसार लाइट वेट आभूषण की मांग बढ़ी है। पहले ग्राहक 30, 50 या 100 ग्राम सोना लेते थे, अब वे 50 हजार या 1 लाख के बजट में खरीदारी कर रहे हैं। कारीगरों और व्यापारियों का कहना है कि दो हफ्तों में गैस आपूर्ति सामान्य नहीं हुई या पीएनजी काम शुरू नहीं हुआ तो उद्योग ठप हो सकता है। शादी सीजन में ऑर्डर हैं, लेकिन सिलेंडर की कमी से काम सीमित है। सराफा हजारों परिवारों की आजीविका है, लेकिन गैस संकट से पूरा ढांचा प्रभावित हो रहा है।

## खबर एक नजर...

### ढाबा रोड पर चौड़ीकरण के दौरान गिराऊ गैलरी हटवाई

**उज्जैन।** ढाबा रोड से दानी गेट तक चल रहे मार्ग चौड़ीकरण कार्य के तहत एक क्षतिग्रस्त भवन की गैलरी को नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा की उपस्थिति में हटवाया गया।

निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि तुड़ाई के बाद भवन का एक हिस्सा गिराऊ स्थिति में था, जो कभी भी हादसे का कारण बन सकता था। इसे देखते हुए आयुक्त ने मौके पर ही खड़े रहकर गैलरी हटाने की कार्रवाई करवाई और अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे सभी खतरनाक हिस्सों को तुरंत हटाया जाए। इस दौरान नगर निगम के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### डेढ़ करोड़ 'श्रीराम' नाम लिखने वाले सुरेंद्र मालवीय और सृजन पीठ निदेशक मुकेश जोशी का अभिनंदन

**उज्जैन।** श्री साईं सेवा समिति एवं साईं मंदिर ट्रस्ट की ओर से साईं मंदिर परिसर में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में डेढ़ करोड़ 'श्रीराम' नाम लिखकर समर्पित करने वाले मंदिर समिति के सदस्य व खिचड़ी समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र मालवीय और प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक मुकेश जोशी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता साईं सेवा समिति के अध्यक्ष रमेश परवाल ने की।

समिति पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने दोनों विभूतियों का शॉल, श्रीफल और पुष्पमालाओं से आत्मीय अभिनंदन किया। इस दौरान उपस्थितजनों ने सुरेंद्र मालवीय पर प्रभु श्रीराम की अनवरत कृपा बनी रहने तथा मुकेश जोशी के यशस्वी कार्यकाल की कामना की।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर साईं मंदिर के ट्रस्टी ओम बंसल, सचिव हेमेंद्र खंडेलवाल, मंदिर प्रबंधक सत्यनारायण शर्मा दद्दू, पूर्व बार अध्यक्ष पं. योगेश व्यास, नरेंद्र मालवीय, रूपचंद जरिया, नारायण बहोरे, यशपाल यादव, उत्तम जायसवाल, बहादुरसिंह राठौड़, नरेंद्र विश्वकर्मा, मोहनलाल शाह, सुरेश सोलंकी, पीयूष मालवीय, अनिलसिंह राजपूत, राजेंद्र पटेल, भरत पोरवाल, दिलीप वेद, एडवोकेट जाहिद नूर और जनार्दन नातू ने स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन बहादुरसिंह राठौड़ ने किया तथा आभार नरेंद्र मालवीय ने माना।

### राजपूत समाज के युवक-युवती परिचय सम्मेलन में 80 से अधिक रिश्ते तय

# युवाओं ने ली दहेज न लेने की शपथ, विदेशों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े प्रतिभागी



### उज्जैन में हुआ मध्य प्रदेश का अब तक का सबसे बड़ा निशुल्क आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा एवं राजपूत सोशल ग्रुप के तत्वावधान में देवास रोड स्थित शर्मा परिसर में राजपूत समाज का भव्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन संपन्न हुआ। इस आयोजन में 80 से अधिक रिश्ते तय हुए। कार्यक्रम की व्यापकता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि विदेशों में रहने वाले समाजजन भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सम्मेलन में सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम संयोजक किशोर सिंह भदौरिया और नरेश सिंह भदौरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि सम्मेलन के लिए देश-विदेश से 800 से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हुई थीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नागदा-खाचरौद विधायक श्री तेजबहादुर सिंह चौहान, भिंड के समाजसेवी देवेंद्र सिंह भदौरिया, सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक डॉक्टर रमन सिंह सिकरवार, राम कथा वाचक श्री शुलभ शर्मा, इंदौर के जोगेंद्र सिंह भदौरिया और ददुरवा धाम के मनीष महाराज उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष श्री ब्रिजपाल सिंह तोमर ने की। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा परिचय पत्रिका 'वैवाहिकी' का विमोचन किया गया। सम्मेलन में देश सेवा करने वाले सेना के 31 सेवानिवृत्त सैनिकों का विशेष सम्मान किया गया। इसके साथ ही समाज के 35 दंपतियों को साड़ी, मोमेंटो और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। समाज में अभूतपूर्व योगदान देने के लिए योगेंद्र सिंह कोकलाखेड़ी और राजेश सिंह भदौरिया बंटी को अतिथियों एवं महासभा के पदाधिकारियों द्वारा सम्मान पत्र, मोमेंटो व अंगवस्त्र भेंट कर 'राजपूत गौरव सम्मान' से अलंकृत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित युवक-युवतियों ने मंच से दहेज न लेने की शपथ ली और समाजजनों से विवाह समारोहों में फिजूलखर्ची न करने की अपील की गई। आयोजकों के अनुसार यह मध्य प्रदेश में अब तक का सबसे बड़ा सम्मेलन था जो पूर्णतः निशुल्क रहा। इसमें 1500 से अधिक उपस्थित स्वजनों के लिए अल्पाहार, भोजन, कुंडली मिलान तथा रेलवे स्टेशन से कार्यक्रम स्थल तक आवागमन की निशुल्क व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में महासभा के वीनू कुशवाहा, छोटे सिंह भदौरिया, शिवेंद्र सिंह भदौरिया, सुंदर सिंह भदौरिया, संजीव सिंह, बृजेंद्र सिंह कुशवाह, अतेंद्र सिंह तोमर, मनोज सिंह भदौरिया, रघुवीर सिंह बैस, रामकिशन सिंह भदौरिया, भानु भदौरिया, सोनू चौहान, डॉक्टर राम अवतार सिंह कुशवाह, सुरेंद्र सिंह तोमर, रामनरेश सिंह भदौरिया, रतन सिंह भदौरिया, ओमवीर सिंह भदौरिया और श्रीकिशन सिंह सिकरवार सहित कई गणमान्य जन उपस्थित थे। अंत में महासभा के प्रमुख महामंत्री रघुराज सिंह तोमर ने सभी का आभार माना।

# अजा मोर्चा के इंदौर संभाग प्रभारी बनने पर ओमप्रकाश मोहने का किया सम्मान

### श्री गुरु रविदास विश्वमहापीठ व श्री मां रास मंडल के साथ समाजजनों ने किया अभिनंदन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भाजपा के वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश मोहने को भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति (अजा) मोर्चा का इंदौर संभाग प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस दायित्व के मिलने पर रविदास समाज में हर्ष का माहौल है। उज्जैन में समाजजनों ने उनका भव्य स्वागत कर नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

श्री गुरु रविदास विश्वमहापीठ एवं श्री मां रास मंडल के तत्वावधान में आयोजित इस स्वागत समारोह का नेतृत्व महापीठ के प्रदेश मंत्री व रास मंडल अध्यक्ष मुकेश सूर्यवंशी खलीफा, महापीठ के जिलाध्यक्ष अजय राठौर और युवा संघ अध्यक्ष विनोद चोपड़ा ने किया। समाज के युवाओं और वरिष्ठजनों ने मिलकर मोहने का पुष्पमालाओं से अभिनंदन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य व सफल कार्यकाल की कामना की।

**निष्ठा, संघर्ष और सेवा का सम्मान**

इस अवसर पर मुकेश सूर्यवंशी खलीफा ने कहा कि मोहने को मिला यह दायित्व केवल एक पद नहीं है, बल्कि समाज और संगठन के प्रति उनकी वर्षों की निस्वार्थ सेवा, संघर्ष और निष्ठा का सम्मान है। उन्होंने हमेशा कमजोर वर्गों की आवाज बनकर उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ी है। यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम के अंत में नवनियुक्त संभाग प्रभारी ओमप्रकाश मोहने ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### गढ़कालिका रोड स्थित भर्तृहरि गुफा पर महाकाल मंदिर के वरिष्ठ पुजारी ने रखी आधारशिला

# अध्यात्म से आरोग्य का संकल्प, दिव्य मंदिर निर्माण का हुआ भूमि पूजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



श्री कामधेनु हर्बल हेल्थ केयर द्वारा गढ़कालिका रोड स्थित भर्तृहरि गुफा क्षेत्र में दिव्य मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

संस्था प्रमुख हिमांशु शर्मा ने बताया कि यह मंदिर निर्माण वैद्य पंडित श्री पूनम चंद जी शर्मा के दिव्य स्वप्न और पावन संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। श्री कामधेनु हर्बल का मुख्य लक्ष्य आयुर्वेद का पुनरुत्थान, प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा निस्वार्थ मानव सेवा और गौ सेवा करते हुए जन-जन में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना है। संस्था 'अध्यात्म से आरोग्य तक' के ध्येय के साथ स्वस्थ भारत के संकल्प को साकार करने के लिए निरंतर कार्यरत है।

मंदिर निर्माण का भूमि पूजन अखिल भारतीय पुजारी महासंघ और महाकाल सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं श्री महाकालेश्वर मंदिर के वरिष्ठ पुजारी श्री महेश पुजारी जी तथा संस्था के विशेष सहयोगी व संरक्षक श्री महेश गेहलोत जी के कर कमलों द्वारा किया गया।

समारोह में रूपेश मेहता, आशीष अग्निहोत्री, मंगल पुजारी, राजेश बैरागी, राहुल व्यास, राम शर्मा, जितेंद्र अग्निहोत्री, डॉक्टर सुमित सिंह, अमन गेहलोत, शंकर लाल जी, प्रेम गेहलोत, यथार्थ शर्मा, दिव्यम शर्मा, कार्तिक शर्मा, प्रतीक गेहलोत, अशोक गेहलोत, अर्पित टांक, अजय सोलंकी, अखिलेश कुमावत, अनिल चौहान, राधेश्याम गेहलोत, अजय गेहलोत, दिलीप मेवाड़ा और धीरज उपस्थित रहे। इनके साथ ही पुजारी महासंघ और महाकाल सेना की कार्यकारिणी एवं पदाधिकारी भी विशेष रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों व गणमान्य नागरिकों का स्वागत संस्था के राजीव शर्मा ने किया तथा अंत में आभार व्यक्त किया।

# माचगुरू सुन्दर लाल मालवीय 'राष्ट्रीय गुजरात गौरव सम्मान' से अलंकृत

### वलसाड में देश की 51 उत्कृष्ट हस्तियों के साथ मिला सम्मान, माच कला के संरक्षण के लिए हुआ नागरिक अभिनंदन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



मध्यप्रदेश के राजकीय लोकनाट्य माच के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए माच घराना सुवासा के माचगुरू सुन्दर लाल मालवीय को प्रतिष्ठित 'राष्ट्रीय गुजरात गौरव सम्मान 2026' से सम्मानित किया गया है। गुजरात के वलसाड स्थित हार्टफुलनेस योग प्रशिक्षण केंद्र में 5 अप्रैल को आयोजित एक भव्य समारोह में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया।

यह आयोजन यूनिक रिकॉर्ड्स ऑफ यूनिवर्स तथा धरा धाम अंतरराष्ट्रीय गोरखपुर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रसेवा, संस्कृति रक्षा एवं मानवता के प्रति विशिष्ट योगदान देने वाली देश भर की 51 उत्कृष्ट हस्तियों को सम्मानित किया गया, जिनमें उज्जैन के मालवीय भी शामिल रहे। इस अवसर पर डॉ. अभिषेक कुमार, डॉ. डी.आर. रेवाला, डॉ. सौरभ पांडेय, प्रो. अजित कुमार जैन और प्रो. जनक सिंह मीणा सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। समारोह में मालवीय को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न भेंट कर उनके अतुलनीय योगदान की सराहना की गई।

### परंपरा और नवाचार से सहेज रहे लुप्त होती विधा

राष्ट्रीय स्तर के 'ए' ग्रेड कलाकार मालवीय अपनी संस्था सुन्दर सांस्कृतिक माच समिति के माध्यम से इस कला में नवाचार कर रहे हैं। ग्राम सुवासा में जन्मे और पेशे से शिक्षक मालवीय ने बाल्यावस्था में अपनी मां से घट्टी के गीत सीखकर कला के क्षेत्र में कदम रखा था। उन्होंने माच का विधिवत प्रशिक्षण उस्ताद कालूराम माच अखाड़ा दौलतगंज के गुरु पद्मश्री पंडित ओमप्रकाश शर्मा से प्राप्त किया है। वे 1986 से अखिल भारतीय कालिदास समारोह में निरंतर गायन, वादन एवं अभिनय कर रहे हैं और कई माच खेलों में मुख्य स्त्री पात्र की भूमिका भी निभा चुके हैं। लुप्त होती इस विधा को सहेजने के लिए वे अब तक लगभग 400 बच्चों को प्रशिक्षित कर चुके हैं।

**राष्ट्रीय मंचों पर दे चुके हैं प्रस्तुतियां**

सुन्दर लाल मालवीय ने राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली में पद्मश्री ओमप्रकाश शर्मा के साथ माच कार्यशाला में प्रशिक्षक की भूमिका निभाई है। वे संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली, केलिडोस्कोप फेस्टिवल, हिंदी अकादमी, पुणे, मुंबई, चेन्नई, भोपाल, ग्वालियर, बैंगलोर और लोकनाट्य उत्सव मोतिहारी जैसे प्रतिष्ठित मंचों पर अपनी कला का प्रदर्शन कर चुके हैं। संस्कृति मंत्रालय और मध्य प्रदेश शासन के अनुगूंज कार्यक्रम के तहत भी वे निरंतर कार्यशालाएं आयोजित करते हैं।

## खबर एक नजर...

### 9 अप्रैल को देवास गेट स्थित पानी की टंकी पर महापौर चौपाल

**उज्जैन।** शहर में पेयजल संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए 9 अप्रैल गुरुवार को देवास गेट स्थित पानी की टंकी (चामुंडा माता स्थित पीएचई कार्यालय) पर महापौर चौपाल का आयोजन किया जाएगा। यह चौपाल प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें महापौर मुकेश टटवाल स्वयं उपस्थित रहकर नागरिकों की समस्याएं सुनेंगे और उनका त्वरित निराकरण करेंगे। जल कार्य समिति के प्रभारी प्रकाश शर्मा ने बताया कि चौपाल में अवैध नल कनेक्शनों को वैध करने की प्रक्रिया भी की जाएगी। साथ ही, जिन उपभोक्ताओं ने कनेक्शन शुल्क जमा करने के बाद भी बिल संबंधी एसएमएस प्राप्त किए हैं, उनकी समस्याओं का भी मौके पर समाधान किया जाएगा। इस दौरान पीएचई विभाग के सभी अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### मौसम बिगड़ने से सब्जियों के भाव कम

**उज्जैन।** एक माह से मौसम बिगड़ने से सब्जियों के हाल खराब होने लगे हैं। इस समय सब्जियों की आवक चौतरफा बढ़ गई है। बारिश होने से केरी की आवक प्रभावित हो रही है। ऐसे में इसके भाव महंगे चल रहे हैं।

सब्जी व्यापारियों के अनुसार मार्च अप्रैल में भीषण गर्मी का प्रकोप होता है और ऐसे में सब्जी की आवक कम हो जाती है, लेकिन दो माह से मौसम गरम-ठंडा होने से और सब्जियों की आवक बढ़ने के साथ खरीदी कमजोर होने से भाव में पहली बार गिरावट आ रही है। हालांकि सब्जी पैदावार अधिक होने से बाजार में सब्जी की किल्लत अभी तक नहीं महसूस हो रही है। इधर बाजार में आम के आवक शुरू हो चुकी है। आम की आवक भी सब्जी की खरीदी पर प्रभाव पड़ता है। चिमनगंज थोक सब्जी मंडी जो 5 बजे से शुरू हो जाती है।

### ग्राम पंचायत नरसिंगा एवं फतेहपुर में 1 करोड़ 6 लाख 39 हजार के विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमि पूजन संपन्न

**बड़नगर।** विधानसभा के ग्राम पंचायत नरसिंगा व ग्राम पंचायत फतेहपुर में विधायक जितेन्द्र उदयसिंह पण्ड्या के आतिथ्य में 1 करोड़ 6 लाख 39 हजार की लागत के विकास कार्यो का भूमि पूजन एवं लोकार्पण संपन्न हुआ। विकास योजना अन्तर्गत सामुदायिक भवन ,सीसी रोड़ एवं नाली निमार्ण सहित अनेक विकास कार्यो का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक पण्ड्या ने कहा कि जनसेवा एवं क्षेत्र के विकास के लिए निरन्तर प्रतिबद्ध हूँ। भूमि पूजन एवं लोकार्पण के अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुकमाल जैन, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि उमरावसिंह राठौर, जनपद प्रतिनिधि श्यामूबाई हर्षल धबाई, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अजबसिंह देवड़ा, नागेश्वर मारू, गोपाल आंजना मण्डल अध्यक्ष महेश हारोड़, शिवराम जाट, विजेन्द्रसिंह चावड़ा, सुमेरसिंह चावड़ा, श्यामुबाई मांगीलाल मोहरी, पूजा अखिलेश बारोड, दरयावसिंह नागर, रमेशचन्द्र शर्मा,, गजेन्द्रसिंह राजावत सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# जीवनदीप संस्था के सेवा कार्य देश के लिए उदाहरण: देवेंद्र ब्रह्मचारी

## उज्जैन में जल्द होगा कॉरपोरेट जगत और श्रेष्ठिवर्यों का विशाल महासंगम

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**




शनिवार को स्थानीय होटल प्रतिकल्पा में 'जीवनदीप' संस्था की ओर से एक विशेष संवाद एवं समीक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि एवं मार्गदर्शक के रूप में उपस्थित भारत गौरव श्री देवेंद्र ब्रह्मचारी ने कहा कि जीवनदीप संस्था के सेवा कार्य पूरे देश के लिए एक अनूठा उदाहरण हैं। आज जब दुनिया युद्ध और वैमनस्य की आग में झुलस रही है, तब भगवान महावीर के अहिंसा, दया और करुणा के सिद्धांत ही विश्व शांति का एकमात्र मार्ग हैं। इन सिद्धांतों को संस्था धरातल पर उतार रही है।

आचार्य विद्यासागर महाराज के कृपापात्र देवेंद्र ब्रह्मचारी, गच्छाधिपति आचार्य दौलत सागर सूरीश्वरजी व आचार्य हर्षसागर सूरीश्वरजी की कृपापात्र साध्वीवर्या नमीवर्षा श्रीजी की प्रेरणा से उज्जैन पधारे हैं। उन्होंने संस्था के फिजियोथेरेपी, स्वास्थ्य शिविर और एंबुलेंस सेवा जैसे प्रकल्पों की निरंतरता व पारदर्शिता की सराहना करते हुए कार्यकताओं के सेवाभाव की मुक्तकंठ से अनुमोदना की।

कार्यक्रम के दौरान उज्जैन के सामाजिक और सेवा क्षेत्र के लिए एक बड़ी घोषणा की गई। देवेंद्र गुरुजी के निर्देशन में आगामी 3-4 माह उपरांत उज्जैन में एक 'विशाल सेवा समागम' आयोजित किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य देश के प्रतिष्ठित कॉरपोरेट घरानों, उद्योगपतियों और देश-विदेश के श्रेष्ठिवर्यों को जीवनदीप की कार्यप्रणाली और सेवा कार्यों से प्रत्यक्ष रूप से अवगत कराना है। इससे समाज के सक्षम वर्ग को इन प्रकल्पों से जोड़ा जा सकेगा। इस आयोजन में राज्य शासन के वरिष्ठ प्रतिनिधि भी विशेष रूप से सम्मिलित होंगे।

देवेंद्र ब्रह्मचारी ने खाराकुआं में विराजित आचार्य विश्वरत्न सागर सूरीश्वरजी से भी भेंट की और भगवान महावीर के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने के विषय पर धर्मचर्चा की।

संवाद कार्यक्रम में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, संस्था के संरक्षक व पूर्व कैबिनेट मंत्री पारसचंद्र जैन, समाजसेवी नारायण यादव, तिलकेश्वर गौशाला के अशोक जैन सहित शहर के प्रबुद्ध नागरिक, जीवनदीप संस्था के मार्गदर्शक, सक्रिय सदस्य और महिला विंग की सदस्याएं उपस्थित थीं। अतिथियों ने संस्था की गतिविधियों पर चर्चा कर भविष्य की योजनाओं के लिए प्रतिबद्धता दोहराई।

#### युवाओं ने ली निष्पक्ष खेल और स्वस्थ जीवनशैली की शपथ

# खेल सिखाए युद्ध विराम: अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस पर प्रेरक कार्यक्रम आयोजित

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**




विकास और शांति के लिए अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर संयुक्त राष्ट्र संघ के आह्वान पर पंडित जवाहरलाल नेहरू व्यवसाय प्रबंधन संस्थान, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) में एक प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वर्ष की थीम खेलः पुल बनाना, बाधाओं को तोड़ना के तहत खेलों के माध्यम से एकता, स्वास्थ्य और सामाजिक परिवर्तन का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में मा. कुलगुरु प्रो. डॉ. अर्पण भारद्वाज ने अपने सारगर्भित शुभकामना संदेश में कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि शांति और सद्भाव का माध्यम भी हैं। उन्होंने ह्ओलंपिक टूसह्र (युद्धविराम) का उल्लेख करते हुए बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल कई बार देशों के बीच तनाव कम करने का कार्य करते हैं और शांति का संदेश देते हैं। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को खेल भावना, ईमानदारी, अनुशासन और टीम वर्क को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में पं. जेएनआईबीएम से एमबीए पाठ्यक्रम अध्ययनरत छात्र एवं उज्जैन डिवीजन स्तर के क्रिकेट खिलाड़ी आर्यन कुलकर्णी ने उपस्थित युवाओं और खिलाड़ियों को शपथ दिलाई। उन्होंने सभी को डोपिंग और नशीले पदार्थों से दूर रहकर सच्ची खेल भावना और निष्पक्षता के साथ खेलने का संकल्प दिलाया।

संस्थान के संकायाध्यक्ष प्रो. डॉ. धर्मेन्द्र मेहता ने खेलों के माध्यम से व्यक्तिगत विकास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक सशक्तिकरण का भी प्रभावी माध्यम हैं। इस अवसर पर ओलंपिक मूल्यों–उत्कृष्टता, सम्मान और मित्रता–को अपनाने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही खेलों के माध्यम से सामुदायिक विकास, शांति स्थापना और सामाजिक परिवर्तन जैसे विषयों पर चर्चा की गई। युवा छात्र वक्ताओं ने बताया कि खेल व्यक्ति में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और एकता की भावना विकसित करते हैं। कार्यक्रम के दौरान डॉ. धर्मेन्द्र मेहता ने संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों–3, 4, 5, 10, 11, 12, 13 एवं 16–में खेलों की भूमिका को भी रेखांकित किया, जिसमें अच्छा स्वास्थ्य एवं कल्याण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, लैंगिक समानता, असमानताओं में कमी तथा शांति एवं न्याय जैसे महत्वपूर्ण आयाम शामिल हैं।

### तहसील शिक्षक संघ में विधायक को सौंपा ज्ञापन

**बड़नगर।** उच्चतम न्यायालय के द्वारा 1 सितम्बर 2025 को दिए गए टीईटी निर्णय पर पुनर्विचार याचिका लगाने एवं विधायी हस्तक्षेप हेतु

मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के आह्वान पर सोमवार को बड़नगर तहसील शिक्षक संघ के कार्यकताओं ने विधायक जितेंद्र उदयसिंह पंड्या को जिला उपाध्यक्ष अशोक शर्मा के नेतृत्व में ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में सभी शिक्षको ने शासन से उक्त आदेश को निरस्त करवाने हेतु विधायी हस्तक्षेप करने की मांग की। इस अवसर पूर्व जिला अध्यक्ष प्रवीण भाटी, तहसील अध्यक्ष संजेश गोसर, सचिव अरविन्द दुबे, कोषाध्यक्ष सुरेश जोशी ब्लॉक अध्यक्ष संजय पाठक कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश व्यास , हेमंत माथुर दिनेश रावल दिनेश गौतम , संजय शर्मा, हुकुमचंद सोलंकी , संतोष श्रीवास्तव , वीरेंद्र सिंह राठौर, नंदकिशोर चौहान,अखिलेश पाठक आशीष चांगेसिया, महिला इकाई से मनीषा उबाल, ज्योति अजमेरा मेम, अंजना जोशी सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## वार्ड 42 में 45 लाख की लागत से नई पाइपलाइन का भूमिपूजन



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

वार्ड क्रमांक 42 में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए लगभग 45 लाख रुपए की लागत से नई पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू किया गया। इसका भूमिपूजन निगम अध्यक्ष कलावती यादव द्वारा किया गया।

यह कार्य क्षेत्रीय पार्षद अंजलि बालकृष्ण पटेल के प्रयासों से संभव हुआ है। योजना के अंतर्गत अलकापुरी क्षेत्र की विभिन्न गलियों में लगभग 2000 मीटर लंबी एचडीपी पाइपलाइन (110, 160 एवं 200 डायमीटर) डाली जाएगी, जिससे नागरिकों को शुद्ध पेयजल की बेहतर सुविधा मिल सकेगी। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## धनवंतरी आयुर्वेदिक कॉलेज में आयुर्विषारद और जीविका अवार्ड समारोह आयोजित

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**



शहर के प्रतिष्ठित धनवंतरी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में आज सोमवार को एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विश्व प्रसिद्ध हिमालय वेलनेस कंपनी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कॉलेज के फाइनल ईयर (अंतिम वर्ष) के मेधावी छात्रों को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए जीविका एवं आयुर्विषारद अवार्ड से नवाजा गया। समारोह की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य जे.पी. चौरसिया ने की। इस अवसर पर उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आयुर्वेद के क्षेत्र में निरंतर शोध और समर्पण ही भविष्य की कुंजी है। कार्यक्रम में विशेष रूप से निम्नलिखित अतिथि एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहे- डॉ. सुनीता डी. राम (प्रशासनिक अधिकारी), डॉ. नवीन खेड़े, मनोज उपाध्याय, देवेंद्र त्यागी। हिमालय वेलनेस कंपनी द्वारा दिए जाने वाले ये पुरस्कार छात्रों के बीच अत्यंत प्रतिष्ठित माने जाते हैं। आयुर्विषारद अवार्ड मुख्य रूप से उन छात्रों को दिया जाता है जिन्होंने आयुर्वेद के सिद्धांतों और शिक्षा में कॉलेज स्तर पर शीर्ष स्थान प्राप्त किया है।


प्राचार्य और अतिथियों ने पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें समाज में आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में डॉक्टर अजय कीर्ति जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# आधुनिक सिगनलिंग, सुरक्षा प्रणाली कवच से ट्रेन का सफर हुआ ओर अधिक सुरक्षित

## पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल ने रचा इतिहास

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

वर्ष 2025-26 पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के संकेत एवं दूरसंचार विभाग के लिए उपलब्धियों से परिपूर्ण रहा। आधुनिक सिग्नलिंग, स्वदेशी ट्रेन सुरक्षा प्रणाली च्कवचज् के सफल क्रियान्वयन तथा यात्री सुविधाओं के विस्तार के माध्यम से मंडल ने सुरक्षा, संरक्षा और तकनीकी उन्नयन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इन उपलब्धियों के पीछे मंडल रेल प्रबंधक रतलाम श्री अश्विनी कुमार का कुशल मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर (समन्वय) श्री आर.एस. मीना के नेतृत्व के साथ विभाग के अधिकारियों, पर्यवेक्षकों एवं कर्मचारियों की कर्तव्यनिष्ठा और अन्य विभागों के साथ बेहतर समन्वय का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।





दिल्लीझ्रमुंबई ट्रंक रूट पर स्थित रतलाम मंडल के गोधराझ्रनागदा सेक्शन में 224.49 रूट किलोमीटर पर ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग प्रणाली सफलतापूर्वक चालू की गई है। इसमें वर्ष 2024-25 में कमीशन किए गए कांसुधीझ्रपिपलोद सेक्शन के 28 किलोमीटर भी शामिल हैं। यह रतलाम मंडल का पहला ऐसा खंड है, जहां ऑटोमेटिक सिग्नलिंग प्रणाली लागू की गई है, जिससे ट्रेन संचालन अधिक सुरक्षित और सुगम हुआ है।

यात्री सुरक्षा को और सुदृढ़ करते हुए, स्वदेशी ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया गया है। यह प्रणाली कुल 224 रूट किलोमीटर (रतलाम मंडल में 154 किमी एवं वडोदरा मंडल में 70 किमी) को कवर करती है। इसका औपचारिक उद्घाटन 30 मार्च 2026 को किया गया, जो रेलवे सुरक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

सिग्नलिंग प्रणाली की विश्वसनीयता एवं गुणवत्ता में सुधार के लिए मंडल के ११ स्टेशनों–जावरा, ढोढर, कचनारा, दलौदा, लिमखेड़ा, उज्जैन, उज्जैन च्सीज्, बेरछ, मंदसौर, मेघनगर एवं रतलाम पूर्व–पर पारंपरिक पैनल इंटरलॉकिंग प्रणाली को अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली से प्रतिस्थापित किया गया है। इस प्रकार एक ही वर्ष में 11 स्टेशनों पर इंटरलॉकिंग सिस्टम का उन्नयन एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

ट्रेन संचालन को और अधिक सुगम बनाने के उद्देश्य से सिग्नल दृश्यता में सुधार किया गया है। सिग्नल साइटिंग कमेटी की सिफारिशों के अनुसार वर्ष 2025-26 में 27 राइट हैंड साइड सिग्नलों को लेफ्ट हैंड साइड में स्थानांतरित किया गया है। 31 मार्च 2026 तक कुल 45 सिग्नल अभी भी राइट हैंड साइड पर स्थित हैं, जिन्हें चरणबद्ध तरीके से स्थानांतरित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मक्सी, चंदेरिया एवं शुजालपुर स्टेशनों पर कोच गाइडेंस डिस्प्ले बोर्ड, मल्टीलाइन ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड एवं च्एट ए ग्लांसज्ज डिस्प्ले बोर्ड स्थापित किए गए हैं। डॉ. अंबेडकर नगर स्टेशन पर भी आधुनिक सूचना प्रणाली विकसित की गई है, जिसमें 5-लाइन मल्टीलाइन डिस्प्ले बोर्ड, 4 सिंगल लाइन डबल फेस डिस्प्ले बोर्ड तथा प्लेटफॉर्म 1 एवं 3 पर कोच गाइडेंस बोर्ड लगाए गए हैं। साथ ही प्लेटफॉर्म संख्या २ के कोच गाइडेंस बोर्ड को भी नवीन प्रणाली से प्रतिस्थापित किया गया है।

सुरक्षा को और मजबूत करते हुए 61 स्टेशनों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। यह कार्य रेल टेल कॉर्पोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड द्वारा वीडियो सर्विलांस सिस्टम के अंतर्गत किया गया है, जिसमें 8 स्टेशन निर्भया फंड के तहत शामिल हैं।

इन सभी पहलों के माध्यम से पश्चिम रेलवे का रतलाम मंडल न केवल सुरक्षा एवं तकनीकी उन्नयन में अग्रणी बन रहा है, बल्कि यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और आधुनिक यात्रा अनुभव प्रदान करने के अपने संकल्प को भी सशक्त कर रहा है।



## सेवा निवृत्त एवं पेंशनर महासंघ तथा साहित्य परिषद की बैठक संपन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पिपलिया मंडी

स्थानीय सेवानिवृत एवं पेंशनर महासंघ एवं साहित्य परिषद की मासिक बैठक कार्यालय गांधी चौराहा स्थित कार्यालय पर श्री चंद्र कांत शर्मा जिला सचिव एवं श्री कोमलचंद्र वर्णवार कोषाध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य व श्री पंकज शर्मा तरुण की अध्यक्षता में दिनांक 5 अप्रैल को शाम चार बजे आयोजित की गयी। जिसमें सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा सरस्वती एवं भारतमाता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजन किया गया। संघ का प्रेरणा गीत श्री हरिसिंह यादव उपाध्यक्ष ने प्रस्तुत किया तथा सभी सदस्यों द्वारा समवेत स्वर में गा कर बैठक का शुभारंभ किया गया। बैठक में पेंशनर्स मिलन एवं सह भोज के आयोजन हेतु प्रस्ताव रखा गया,सवार्नुमति से माह मई में दिनांक 3 मई के दिन यह आयोजन रखने हेतु निर्णय लिया गया।उपस्थित सभी सदस्यों ने अपने अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किए गए।इस कार्यक्रम का आयोजन खात्याखेड़ी मार्ग पर स्थित श्री भंवर सैनी फौजी के कृषि फार्म पर करने की सहमति हुई। बैठक का अंत स्वल्पाहार एवं चाय के पश्चात सभी सदस्यों का आभार श्री कन्हैयालाल कारपेंटर द्वारा व्यक्त किया गया।

## भाजपा का स्थापना दिवस मनाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पिपलिया मंडी

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा पिपलिया मंडल मंडल अध्यक्ष श्री राकेश गोयल के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर भाजपा विजय के जय घोष के साथ पिपलिया मंडी टीलाखेड़ा बालाजी पर मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता शिवलाल सोलंकी, रूपचंद होतवानी, राकेश पाटीदार, सुनील देवरिया, भारत सिंह सोनीगरा, श्यामलाल बोराना ,गोविंद पोरवाल, मनोहर काबरा, दिलीप गोयल, हेमंत पाटीदार, देवीलाल गुर्जर, राजेंद्र भारद्वाज, मनोहर महामाया, जगदीश मालवी, ललित कसेरा, बलराम सोलंकी, अशोक गुर्जर, अजय बोराना, विजय माली सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजयुमो प्रदेश महामंत्री के रूप में विप्लव जैन का प्रथम रतलाम आगमन होगा

## वाहन रैली निकालकर किया जाएगा स्वागत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बनने के बाद विप्लव जैन 7 अप्रैल को रतलाम आएंगे। युवा मोर्चा में पहली बार रतलाम के युवा को प्रदेश स्तर पर इतना महत्वपूर्ण दायित्व मिलने से कार्यकताओं में हर्ष है। वे वाहन रैली निकालकर युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री का जोरदार स्वागत करेंगे।



भाजयुमो प्रदेश महामंत्री विप्लव जैन की वाहन रैली मंगलवार को शाम 4 बजे कालिका माता मंदिर परिसर से आरंभ होगी। रैली मेहंदीकुई बालाजी, नगर निगम चौराहा, कॉलेज रोड़, नाहरपुरा, डालुमोदी बाजार, माणकचौक, घांस बाजार, चौमुखीपुल, चांदनी चौक, तोपखाना, गणेश देवरी, धानमण्डी, शहीद चौक, लोकेन्द्र टॉकीज से होकर न्यू रोड़ स्थिति युवा मोर्चा कार्यालय पहुंचकर समाप्त होगी। भाजयुमो जिला, प्रदेश, मंडल के पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से इस दौरान अधिक से अधिक उपस्थित रहने का आव्हान किया है। प्रदेश महामंत्री विप्लव जैन सोमवार को भोपाल में आयोजित भाजयुमो प्रदेश की नवनियुक्त कार्यकारिणी की परिचय बैठक में शामिल हुए और वरिष्ठ नेताओं का नियुक्ति के लिए आभार जताया।

## सेवा कार्यों में उत्कृष्ट योगदान के लिए संतोष मेडतवाल हुए सम्मानित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जावरा

समाजसेवी एवं लायंस क्लब के सक्रिय सदस्य संतोष मेडतवाल को लायंस क्लब इंटरनेशनल के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष ए पी सिंह द्वारा प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय अध्यक्षीय अवार्ड से सम्मानित किया गया। अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि संतोष मेडतवाल ने मिशन 1.5 के अंतर्गत मानव सेवा, सामाजिक सरोकार और जरूरतमंदों के लिए किए गए कार्यों से लायंस इंटरनेशनल के मूल उद्देश्यों को मजबूती प्रदान की है। उनके समर्पण, नेतृत्व क्षमता और सेवा भावना ने न केवल क्लब के सदस्यों बल्कि समाज के अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया है। अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने संदेश में उल्लेख किया कि संतोष मेडतवाल के अथक प्रयासों और करुणा से समाज में सकारात्मक परिवर्तन आया है ।

## सड़क हादसों में दो लोगों ने जान गवाई

**मन्दसौर।** जिले में हुए दो सड़क हादसों में दो लोगों ने अपनी जान गवाई। प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के सुवासरा थाना क्षेत्र के 4 लेन उज्जैन गरोठ रोड़ झोटावली के पास कार नं. आरजे 45 सीवी 2972 के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर मोटर साइकिल को टक्कर मार दी।

## गेंहू खरीदी में लेटलतीफी को लेकर 9 अप्रैल को जिला कांग्रेस का हल्लाबोल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मल्हारगढ़

प्रदेश की भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है।गेंहू खरीदी की तारीख पर तारीख से किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है।उक्त बात मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहते हुए बताया कि गेंहू की खरीदी पहले 23 मार्च से होनी थी उसके बाद 1 अप्रैल ओर अब 10 अप्रैल तक खरीदी को स्थगित किया गया है,यह सरकार की अकर्मण्यता को दर्शार्ता है। शर्मा ने कहा की सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों के ऋण जमा कराने की आखरी तारिख 28 मार्च निर्धारित की गई थी किन्तु भाजपा सरकार के कुप्रबधंन के चलते लगभग 70 प्रतिशत किसान डिफाल्टर होगये।किसानों को गेहूं कृषिउपज मंडियों में 1800 से 2100 रुपये क्विंटल में ही बेचना पड़ रहा है।

# रंजिश के चलते युवक की चाकू गोदकर हत्या , बरगुण्डा समाज ने गांधी चौराहे पर शव रखकर किया प्रदर्शन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

स्थानीय गांधी चौराहा क्षेत्र में रविवार देर रात आपसी विवाद ने खूनी मोड़ ले लिया, जहाँ 19 वर्षीय युवक अरुण वर्मा की चाकू से गोदकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। हमला इतना भीषण था कि युवक के पेट के अंदरूनी अंग तक बाहर निकल आए थे। गंभीर हालत में उसे प्राथमिक उपचार के बाद रतलाम मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहाँ मध्य रात्रि में उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलते ही शहर में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में लोग जिला अस्पताल में एकत्र हो गए, जिन्हें पुलिस को नियंत्रित करना पड़ा।



पुलिस जांच और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज से यह बात सामने आई है कि नरसिंहपुरा निवासी अरुण का रोहित भाटी और युवराज माली नामक युवकों से पिछले एक महीने से विवाद चल रहा था। रविवार रात करीब 11 बजे जब दोनों पक्ष आमने-सामने आए, तो आरोपियों ने अरुण को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा और उस पर ताबड़तोड़ चाकू से हमला कर दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सीएसपी जितेंद्र कुमार भास्कर और कोतवाली थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह राठौर ने घटनास्थल का मुआयना किया और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें गठित कर उनके ठिकानों पर दबिश देना शुरू कर दिया है।

इस जघन्य हत्याकांड के विरोध में सोमवार को बरगुण्डा समाज का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित समाजजनों ने अरुण की शव यात्रा को गांधी चौराहे पर रोककर जोरदार प्रदर्शन किया और चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन को सौंपे गए ज्ञापन में आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने, उनके अवैध अतिक्रमणों पर बुलडोजर चलाने और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की पुरजोर मांग की है। समाज के कड़े रुख और हंगामे को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है, जिसके बाद ही स्थिति को संभाला जा सका। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश जारी है।

## एनडीपीएस एक्ट में फरार आरोपी गिरफ्तार

मन्दसौर। जिले के शामगढ़ थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट और हत्या के प्रयास जैसे गंभीर मामलों में फरार इनामी बदमाश यशवंत सिंह उर्फ जसवंत को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी पर 5 हजार रुपये का इनाम घोषित था और वह मध्य प्रदेश सहित राजस्थान के कई थानों में वांछित था। पुलिस टीम ने कॉम्बिंग गश्त के दौरान उसे दबोचा। इसी प्रकार एनडीपीएस एक्ट के एक अन्य प्रकरण में फरार आरोपी लक्ष्मण सिंह निवासी गरडा को भी गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न थानों में मादक पदार्थों की तस्करी और आर्म्स एक्ट के कई आपराधिक रिकॉर्ड दर्ज हैं।

# पारंपरिक खेलों से दूर हो रही नई पीढ़ी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सनावद

जीवन में खेलों का विशेष महत्व हमेशा से रहा है और आगे भी बना रहेगा। बच्चों के चहुँमुखी विकास के लिए शारीरिक एवं मानसिक खेल अत्यंत आवश्यक हैं। आजकल यह देखा जा रहा है कि बालक-बालिकाओं में नए-नए खेलों के प्रति रुचि बढ़ी है। गली-मोहल्लों में बच्चे स्केटिंग, क्रिकेट, जूडो-कराटे जैसे खेल खेलते नजर आते हैं, वहीं मोबाइल फोन पर इलेक्ट्रॉनिक खेलों का आकर्षण भी तेजी से बढ़ रहा है। इसी विषय पर बाविसा ब्राह्मण समाज के भक्ति महिला मंडल बीसी ग्रुप द्वारा एक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर समाज सेवी मंगला पुजारी ने कहा कि भारत के पारंपरिक खेलों का हमेशा विशेष महत्व रहा है, लेकिन नई पीढ़ी उनसे लगातार दूर होती जा रही है। गिल्ली-डंडा, लट्टू, कंचे, कबड्डी, खो-खो, सितौलिया जैसे खेल अब धीरे-धीरे लुप्त होते जा रहे हैं, जिससे बच्चों का पूर्ण शारीरिक विकास प्रभावित हो रहा है।

उन्होंने बताया कि पारंपरिक खेल सस्ते और स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होते थे, जबकि पाश्चात्य खेल आर्थिक रूप से महंगे साबित हो रहे हैं।उन्होंने यह भी कहा कि जीवन की कठिनाइयों का सामना वही व्यक्ति कर सकता है जिसका सर्वांगीण विकास हुआ हो। खिलाड़ी कभी हार नहीं मानता और हर परिस्थिति में संघर्ष करते हुए सफलता प्राप्त करता है।

इस दौरान शिक्षिका अंकिता त्रिवेदी ने भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए पानी और दाना रखने की अपील की। उन्होंने छत, बालकनी या खिड़की पर मिट्टी के सकोरे में स्वच्छ पानी रखने तथा उसे प्रतिदिन बदलने की बात कही। उन्होंने 25 सकोरों का वितरण भी किया और सभी से पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करने का आग्रह किया।

ग्रहणी बाला कानूनगो ने कहा कि बच्चे वही सीखते हैं जो वे देखते हैं। इसलिए संस्कारों की शुरूआत घर से होती है और स्कूल में उनका विकास होता है। उन्होंने नैतिक शिक्षा, अनुशासन, करुणा और सहयोग जैसे मूल्यों को जीवन में अपनाने पर जोर दिया। साथ ही बच्चों को रामायण, भगवद गीता और महाभारत जैसे धार्मिक ग्रंथों से जोड़ने की बात कही।

शिक्षिका मोना व्यास ने कहा कि पुस्तकें केवल कागज नहीं, बल्कि ज्ञान और अनुभव का खजाना होती हैं। वे हमें प्रेरित करती हैं और हमारे व्यक्तित्व का विकास करती हैं। उन्होंने कहा कि पुस्तकें हमारे सच्चे मित्र होती हैं और ज्ञान बांटने से बढ़ता है।

शिक्षिका समता दुबे ने जल संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि जल का बुद्धिमानी से उपयोग और संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने वर्षा जल संचयन और ड्रिप सिंचाई अपनाने की सलाह दी, क्योंकि जल के बिना जीवन संभव नहीं है। गोष्ठी में साधना कानूनगो और दीपा दुबे ने भी पर्यावरण संरक्षण, वन्य एवं जलीय जीव-जंतुओं तथा प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त किए।इस अवसर पर पुष्पा त्रिवेदी, बंटी कानूनगो, आभा कानूनगो, मालिनी दुबे, सोनू शर्मा, ज्योति शर्मा, रेखा जोशी, संगीता जायसवाल, शिवानी कनपुरिया सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।बैडमिंटन खिलाड़ी संजय पाटीदार और हरिओम राठौर की जोड़ी ने इतिहास रचा



# कलेक्टर के नेतृत्व में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम का किया प्रभावी क्रियान्वयन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आलीराजपुर

कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अधिकारी द्वारा बताया कि स्वास्थ्य विभाग को नोडल एजेंसी बनाकर जिले में तंबाकू नियंत्रण अधिनियम 2003 की धारा 4, 5, 6 एवं 7 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग एवं मध्य प्रदेश वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन द्वारा संयुक्त प्रयास किए जा रहे हैं। जिले के 6 विकासखंडों में सार्वजनिक स्थानों और तंबाकू उत्पाद बेचने वाली दुकानों पर अनुपालन सर्वेक्षण कराया गया, जिसमें 664 सार्वजनिक संस्थानों और 183 दुकानों का निरीक्षण किया। सर्वेक्षण में धूम्रपान निषेध, विज्ञापन प्रतिबंध, नाबालिगों को बिक्री रोकने तथा स्वास्थ्य चेतावनियों की उपलब्धता जैसे मानकों का आकलन किया गया।

# खरगोन में प्राथमिक विद्यालय में रोटरी क्लब इंदौर ने भेंट किया वाटर कूलर

## बच्चों को मिली शीतल जल की सुविधा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंडलेश्वर



भीषण गर्मी को देखते हुए शासकीय प्राथमिक विद्यालय इंदिरा नगर छोटी खरगोन में रोटरी क्लब इंदौर द्वारा वाटर कूलर प्रदान किया गया। इस पहल से विद्यालय के विद्यार्थियों को शीतल एवं शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध हो गई है। क्लब के सलूजा जी, मुकेश भाटी एवं श्रीमती शर्मिला पांचाल के सहयोग से यह व्यवस्था सुनिश्चित की गई, जिससे बच्चों को गर्मी के मौसम में राहत मिलेगी।इस कार्य में महिष्मति औषधि सेवा ग्रुप मंडलेश्वर के गुरुजी महेश जोशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के पूजन के साथ किया गया।

इसके पश्चात संस्था प्रभारी श्रीमती गायत्री चौहान ने मंचासीन अतिथियों महेशजी जोशी, बीआरसी महेश्वर संजय बर्फा, जनशिक्षक श्री अंकित श्रीवास एवं पोषक शाला मा.वि. छोटी खरगोन के प्रधान पाठक श्री अजय राठौर का तिलक लगाकर एवं श्रीफल भेंट कर स्वागत किया।

अपने उद्बोधन में महेशजी जोशी ने विद्यार्थियों को जीवन में ईमानदारी अपनाने और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। वहीं संजय बर्फा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पूरे विकासखंड में इस प्रकार के प्रयासों का प्रचार-प्रसार कर अन्य समाजसेवियों को भी प्रेरित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक विद्यालयों में बच्चों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।कार्यक्रम में वंदना चौहान, बलिराम यादव, सुनील शर्मा, प्रमोद पाटीदार, श्रीराम किरार सहित पालकगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आलीराजपुर



कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रकरण, खाद्यान्न वितरण, एचपीवी वैक्सीन की स्थिति, जल गंगा संवर्धन अभियान सहित विभिन्न विषयों पर विभागवार समीक्षा की गई और संबंधित विभाग प्रमुखों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती संघ मित्रा गौतम, सभी अनुविभागीय अधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्रीमती माथुर ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि समय सीमा से बाहर लंबित प्रकरणों पर नियमानुसार आर्थिक दंड लगाया जाएगा। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए 50 दिनों से अधिक लंबित शिकायतों के संतोषजनक निराकरण के निर्देश दिए तथा साथ ही सभी विभागों को निर्देशित किया कि अपनी रैंकिंग सुधारकर ए ग्रेड में आना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को खाद्य विभाग के साथ समन्वय कर खाद्य विभाग से संबंधित अवैध कार्यों पर सक्रिय कार्रवाई करने तथा पीडीएस केंद्रों पर खाद्यान्न वितरण हेतु अभी से निगरानी रखने के निर्देश दिए। एचपीवी वैक्सीन अभियान की धीमी प्रगति पर कलेक्टर श्रीमती माथुर ने नाराजगी जताई और लक्ष्य अनुरूप कार्य नहीं होने पर सीएमएचओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देशित करते हुए कहा कि टीकाकरण अभियान में तेजी लाई जाए। ई-केवाईसी की प्रगति की समीक्षा करते हुए जनपद सीईओ और नगर परिषद सीएमओ को निर्देशित किया कि कार्य में तेजी लाएं।

# भाजपा स्थापना दिवस पर सांसद ने फहराया पार्टी ध्वज



ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर जिलेभर में संगठन के निदेर्शानुसार विभिन्न स्थानों पर भाजपा कार्यकताओं ने पार्टी का ध्वज फहराकर उसकी विचारधारा के प्रति समर्पण व्यक्त किया। सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने ग्राम बोहरडा स्थित अपने निवास पर, विधायक मंजू दादू ने ग्राम कानापुर में, और भाजपा युवा नेता गजेंद्र पाटील ने अमरावती रोड स्थित सांसद कार्यालय पर पार्टी का ध्वज फहराया। इस अवसर पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने कहा कि भाजपा की स्थापना के पीछे एक मजबूत और समृद्ध भारत का निर्माण करना था। उन्होंने कहा कि पार्टी ने हमेशा देश के विकास और जनकल्याण के लिए काम किया है और आगे भी करती रहेगी। विधायक मंजू दादू ने कहा कि भाजपा की विचारधारा ने देश को एक नई दिशा दी है और पार्टी के कार्यकर्ता इस विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# कलयुगी बेटे ने अपनी ही बुजुर्ग मां की निर्ममता से हत्या कर दी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ खरगोन

भीकनगांव में दिल दहला देने वाली घटनाखरगोन जिले के भीकनगांव थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज और हृदयविदारक मामला सामने आया है, जहां एक कलयुगी बेटे ने अपनी ही बुजुर्ग मां की निर्ममता से हत्या कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 55 वर्षीय आरोपी विष्णु सांवले ने नशे की हालत में अपनी 80 वर्षीय मां रामई बाई पर धारदार कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी ने मां की गर्दन पर 4-5 वार किए, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूत्रों के मुताबिक, मृतका कई वर्षों से बिस्तर पर थी और उसकी देखभाल की जिम्मेदारी बेटे पर थी। इसी बात से परेशान होकर और शराब की लत के चलते आरोपी ने यह खौफनाक कदम उठा लिया।

घटना के समय बुजुर्ग महिला घर में अकेली थी।वारदात के बाद क्षेत्र में दहशत और सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# पिपलोदा रोड पर शीघ्र बनाया जाए स्पीड ब्रेकर



ब्रह्मास्त्र ▸▸ जावरा

नए स्कूली शैक्षणिक सत्र की शुरूआत 1 अप्रैल से हो चुकी हैं ।लेकिन पिपलौदा रोड पर स्पीड ब्रेकर्स नहीं बनाए गए हैं ! यह घोर लापरवाही का सूचक हैं! नगर के पिपलौदा रोड पर मानक ऊचाई के स्पीड ब्रेकर्स बनाए जाने की सख्त जरूरत है !

पिपलौदा रोड़ पर मानक ऊचाई के स्पीड ब्रेकर्स बनाए जाने की मांग जस की तस बनी हुई हैं ! रतलाम- नीमच हाईवे चौपाटी पर बसे जावरा नगर से पिपलौदा , सैलाना, बांसवाड़ा और राजस्थान, गुजरात के अन्य कई शहरों गांवों को जाने वाले कई वाहनों को पिपलौदा रोड़ से ही आना जाना पड़ता है ! जन सुरक्षा को लेकर अति व्यस्तम पिपलौदा रोड़ पर शीघ्र स्पीड ब्रेकर बनाए जाने की मांग स्थानीय प्रशासन से बढ़ते यातायात दबाव को लेकर लंबे समय से क्षेत्रवासियों, कॉलोनी वासियों द्वारा की जाती रही हैं ! लेकिन स्थानीय प्रशासन द्वारा स्पीड ब्रेकर्स बनाए जाने की मांग को अनसुना कर नजरअंदाज कर दिया जाता रहा है ! सामाजिक कार्यकर्ता डॉ मदनलाल गांगले ने बताया कि पिपलौदा रोड़ पर भी स्पीड ब्रेकर्स ना होने से अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं और पूर्व में स्कूली छात्रा की दुर्घटना में जान भी जा चुकी हैं लेकिन फिर भी लापरवाही के चलते स्पीड ब्रेकर्स नहीं बनाए गए हैं !



### धुरंधर देखकर परेश रावल बोले

## काश मैं इसमें होता

### यह सिर्फ एक फिल्म नहीं बल्कि गाथा है, आदित्य धर की उरी में कर चुके हैं काम

निर्देशक आदित्य धर की फिल्म धुरंधर और उसके सीक्वल की जबरदस्त सफलता के बीच एक्टर परेश रावल का एक बयान चर्चा में है। रावल ने कहा है कि उन्हें इस फ्रेंचाइजी का हिस्सा होना चाहिए था और पहली बार उन्हें किसी फिल्म को देखकर ऐसा लगा कि काश वे भी इसमें होते।

परेश रावल ने हाल ही में न्यूज एजेंसी पीटीआई से बातचीत में धुरंधर और धुरंधरः द रिवेंज की जमकर तारीफ की। उन्होंने बताया कि उन्होंने फिल्म का पहला पार्ट दो बार देखा है, जबकि दूसरा पार्ट भी देख चुके हैं और दोबारा देखने की इच्छा है। उनके मुताबिक, यह सिर्फ एक फिल्म नहीं बल्कि एक गाथा है, जिसने उन्हें काफी प्रभावित किया।

परेश रावल ने कहा, पहली बार लगा कि मुझे इस फिल्म का हिस्सा होना चाहिए था। उन्होंने मजाकिया अंदाज में निर्देशक आदित्य धर से यह भी कहा कि अगर मौका मिलता तो वे फिल्म में एक दिलचस्प किरदार निभाना चाहते।

फिल्म में रणवीर सिंह, आर माधवन और अर्जुन रामपाल जैसे सितारे अहम भूमिकाओं में नजर आए हैं। खासतौर पर आर माधवन के किरदार को लेकर भी चर्चा है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से प्रेरित बताया जाता है। दिलचस्प बात यह है कि परेश रावल पहले उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक में इसी तरह के किरदार से जुड़े रोल निभा चुके हैं। उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक में परेश रावल ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार गोविंद भारद्वाज का किरदार निभाया था, जो अजीत डोभाल से प्रेरित माना जाता है। रावल ने दोनों फिल्मों में इस तरह के किरदारों की अलग-अलग व्याख्या को दिलचस्प बताया और कहा कि दर्शकों को यह विविधता पसंद आई है। उन्होंने यह भी माना कि धुरंधर की कहानी, पैमाना और प्रस्तुति इसे खास बनाते हैं, जिसकी वजह से यह दर्शकों के बीच बड़ी हिट साबित हुई है।

बता दें कि धुरंधर फ्रेंचाइजी बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन कर रही है और देश-विदेश में इसे जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है।

### रश्मिका मंदाना की फिल्म

# 'मायसा' का नया पोस्टर रिलीज

### चेहरे पर धूल और आंखों में गुस्सा

30वें जन्मदिन पर दिखा एक्ट्रेस का इंटेंस लुक




एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना के 30वें जन्मदिन के मौके पर उनकी अगली फिल्म 'मायसा' के मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर रिलीज किया है। पोस्टर में रश्मिका काफी पावरफुल और एग्रेसिव अवतार में नजर आ रही हैं। रवींद्र पुल्ले के डायरेक्शन में बन रही यह एक एक्शन-थ्रिलर फिल्म है, जिसमें रश्मिका लीड रोल निभा रही हैं।



पोस्टर में दिखा एक्ट्रेस का खतरनाक अंदाज मेकर्स ने सोशल मीडिया पर फिल्म का ब्लैक एंड व्हाइट पोस्टर शेयर किया है। इसमें रश्मिका का चेहरा धूल और खून से सना हुआ है। उनकी आंखों में गुस्सा और चेहरे पर एक अलग तरह की ताकत दिखाई दे रही है।

पोस्टर को शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, उसने आकर्षण से राज किया, शालीनता से जीत हासिल की... अब वह शुद्ध गुस्से के साथ आ रही है। टीम 'मायसा' की ओर से रश्मिका को जन्मदिन की शुभकामनाएं। उनके सबसे एक्सप्लोसिव परफॉर्मेंस के लिए तैयार हो जाइए।

**आदिवासी इलाकों पर आधारित है फिल्म की कहानी**
'मायसा' साल 2026 की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक मानी जा रही है। यह एक पैन इंडिया फिल्म है, जिसकी कहानी आदिवासी इलाकों पर आधारित है। फिल्म में दर्शकों को भरपूर एक्शन और गहरे इमोशंस देखने को मिलेंगे। फिल्म का म्यूजिक जेक्स बिजॉय ने कंपोज किया है। मेकर्स का दावा है कि यह रश्मिका के करियर की अब तक की सबसे दमदार परफॉर्मेंस होने वाली है। टीजर में दिखी थी रश्मिका के बचने की कहानी फिल्म के पहले रिलीज हुए टीजर में रश्मिका के किरदार की गहराई का अंदाजा मिलता है। टीजर में एक बैकग्राउंड वॉयस है, जिसमें उनकी मां कहती हैं, उन्होंने कहा कि मेरी बेटी मर गई है। लेकिन जमीन डर से कांप गई और मेरी बेटी का खून नहीं छुपा पाई। हवाएं थम गईं और उसकी सांसें नहीं ले जा सकीं। आखिरकार, मौत को भी मौत का सामना करना पड़ा और वह मेरी बेटी को मारने में नाकाम रही।



शाहिद कपूर-विजय देवरकोंडा के साथ भी आएंगी नजर रश्मिका के पास आने वाले समय में कई बड़े बॉलीवुड और साउथ प्रोजेक्ट्स हैं। वह हिंदी फिल्म 'कॉकटेल 2' में शाहिद कपूर और कृति सेनन के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी।

इसके अलावा, वह पीरियड एक्शन ड्रामा फिल्म 'रणबाली' में अपने पति और एक्टर विजय देवरकोंडा के अपोजिट काम कर रही हैं। इस फिल्म में वह जयम्मा का किरदार निभाएंगी।



### तृषा का क्रिप्टिक पोस्ट वायरल

## प्यार सबकुछ नहीं होता, लेकिन बिना प्यार के सब बेकार है

### विजय संग रिश्ते की चर्चाओं को फिर मिली हवा

साउथ इंडस्ट्री के सुपरस्टार थलपति विजय और एक्ट्रेस तृषा कृष्णन एक बार फिर सुर्खियों में हैं। दोनों के कथित रिश्ते की अफवाहों के बीच तृषा का एक क्रिप्टिक सोशल मीडिया पोस्ट वायरल हो गया है, जिसने फैंस के बीच नई चर्चा छेड़ दी है।

तृषा ने इंस्टाग्राम पर प्यार और आत्म-सम्मान से जुड़ा एक मैसेज शेयर किया, जिसमें लिखा था कि प्यार सबकुछ नहीं होता, लेकिन बिना प्यार के सब बेकार है। इस पोस्ट को उनके निजी जीवन से जोड़कर देखा जा रहा है। दरअसल, यह पोस्ट ऐसे समय सामने आया है जब विजय और उनकी पत्नी संगीता सोरनलिंगम के तलाक की खबरें चर्चा में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, संगीता ने कोर्ट में याचिका दाखिल करते हुए रिश्ते में दरार और मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया है।

इसी बीच विजय और तृषा को हाल ही में चेन्नई में एक हाई-प्रोफाइल शादी में साथ देखा गया। दोनों की साथ में एंट्री और मौजूदगी ने अफवाहों को और हवा दे दी। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीरों और वीडियो के बाद फैंस कयास लगा रहे हैं कि दोनों के बीच सिर्फ दोस्ती से बढ़कर कुछ है। हालांकि, इन खबरों पर अब तक न तो विजय और न ही तृषा ने कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया दी है। फिलहाल, तृषा का यह पोस्ट और विजय के साथ उनकी हालिया मौजूदगी, दोनों ही सोशल मीडिया पर चर्चा का बड़ा विषय बने हुए हैं। फैंस अब इस पूरे मामले में दोनों सितारों की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं।

**तृषा कृष्णन और थलपति विजय ने इन फिल्मों में साथ किया काम, फिर चर्चा में आई जोड़ी–** तृषा कृष्णन और थलपति विजय ने तमिल सिनेमा की कई हिट फिल्मों में साथ काम किया है। इनमें घिली (2004), थिरुपाची (2005), आथी (2006) और कुरुवी (2008) शामिल हैं। दोनों की ऑन-स्क्रीन जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया, जिसके बाद उनके ऑफ-स्क्रीन रिश्ते को लेकर भी अफवाहें तेज हो गई थीं। हालांकि उस समय दोनों कलाकारों ने इन चचाओं को खारिज करते हुए कहा था कि वे सिर्फ अच्छे दोस्त हैं। सालों बाद दोनों लियो (2023) में फिर साथ नजर आए, जिससे वे एक बार फिर सुर्खियों में आ गए। फिल्म में दोनों की केमिस्ट्री ने फैंस का ध्यान खींचा और उनकी जोड़ी फिर चर्चा का विषय बन गई।

# 'रामायण' में रणबीर के लुक और कॉस्ट्यूम पर उठे सवाल

### डिजाइनर्स बोलीं- टीवी में सीमित बजट और समय के बावजूद डिजाइन ज्यादा समृद्ध और जीवंत था

रणबीर कपूर की फिल्म रामायण का टीजर सामने आने के बाद से ही इसके हर पहलू पर बहस शुरू हो गई है। इस बीच, टीवी की पौराणिक श्रृंखलाओं पर काम कर चुकी कॉस्ट्यूम डिजाइनर्स ने फिल्म में भगवान राम के लुक पर अपनी राय दी है और इसे एक चूक गया अवसर बताया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, टीवी के सुपरहिट शो श्रीमद् रामायण और राधाकृष्ण पर काम कर चुकी कॉस्ट्यूम डिजाइनर शिबप्रिया सेन ने कहा कि फिल्म का पहला टीजर उम्मीद के मुताबिक विस्मयकारी नहीं लगा। उनके अनुसार, टीवी पर राम और अन्य पात्रों के परिधानों की प्रेरणा भारतीय संस्कृति, मंदिरों और मूर्तियों से ली जाती थी।



जैसे राम के मुकुट में सूर्य रथ का चक्र और पीला रंग, सीता के लिए मधुबनी छाप, और हनुमान के लिए अजंता, एलोरा और हम्पी की मूर्तियां।

सेन के अनुसार, राम भारत की आस्था का केंद्र हैं, इसलिए परिधानों में प्रयोग करते समय उनके दिव्य स्वरूप का सम्मान करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि टीवी में सीमित बजट और समय के बावजूद उनके डिजाइन बहुत समृद्ध और जीवंत थे।

दूसरी ओर, हातिम, सिया के राम और देवों के देव...महादेव जैसी पौराणिक श्रृंखलाओं में काम कर चुकी कॉस्ट्यूम डिजाइनर नीरूषा निकहत ने कहा कि फिल्म में सौंदर्य और नवाचार की कमी है। उनका मानना है कि निर्माता नामित मल्होत्रा अधिक प्रयोगात्मक और यादगार डिजाइन ला सकते थे। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रोजेक्ट में अनुभवहीन लोगों को शामिल किया गया, जबकि ऐसी परियोजना में अनुभवी डिजाइनर्स की जरूरत थी। डिजाइनर्स का कहना है कि बड़े बजट और तकनीकी स्वतंत्रता के बावजूद फिल्म में परिधानों और आभूषणों में और अधिक सांस्कृतिक और रचनात्मक गहराई हो सकती थी। यह परियोजना दर्शकों के लिए एक चूक गया रचनात्मक अवसर साबित हुई। फिल्म अभी रिलीज नहीं हुई है, लेकिन पहले लुक से साफ है कि इसमें और अधिक प्रामाणिक और यादगार सौंदर्यबोध दिखाया जा सकता था।

## आईपीएल में आज राजस्थान-मुंबई मैच, हार्दिक की फिटनेस पर सस्पेंस

# बुमराह को अब तक विकेट नहीं मिला

ब्रह्मास्त्र ›› गुवाहाटी

आईपीएल में मंगलवार को मुंबई इंडियंस का सामना राजस्थान रॉयल्स से होगा। यह मुकाबला गुवाहाटी के बरसापारा स्टेडियम में खेला जाएगा। टॉस शाम 7 बजे होगा। जबकि 7:30 बजे से मैच शुरू होगा।

मुंबई के लिए सबसे बड़ी चिंता उनके कप्तान हार्दिक पांड्या की फिटनेस है। वे पिछला मैच बीमारी के कारण नहीं खेल पाए थे।

दूसरी ओर राजस्थान की टीम अपने शुरूआती मैचों की जीत से मिले मोमेंटम को जारी रखने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

आईपीएल में दोनों के बीच मुकाबला लगभग बराबर का रहा है। अब तक दोनों टीमों में आईपीएल में 30 बार भिड़ी हुई हैं। इसमें 16 मैच मुंबई ने और 14 मैच राजस्थान रॉयल्स ने जीते। पिछले सीजन दोनों के बीच एक मुकाबला हुआ था। इस मैच को मुंबई ने 100 रन से जीता था।

हार्दिक की वापसी की उम्मीद, नेट्स में अभ्यास किया दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पिछले मैच में हार्दिक पंड्या की कमी मुंबई को खली थी, जहां टीम को 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। उनकी गैरमौजूदगी में सूर्यकुमार यादव ने कप्तानी की थी।

पंड्या टीम के साथ गुवाहाटी पहुंचे गए हैं। उन्होंने नेट्स में अभ्यास भी शुरू कर दिया है। पिछले मैच में अनुभवी ट्रेंट बोल्ट की जगह शामिल किए गए साउथ अफ्रीकी ऑलराउंडर कॉर्बिन बॉश काफी महंगे साबित हुए थे।



मुंबई की गेंदबाजी बनी चिंता का विषय मुंबई इंडियंस के लिए गेंदबाजों का फॉर्म चिंता का विषय बना हुआ है। जसप्रीत बुमराह टीम के सबसे किफायती गेंदबाज रहे हैं, लेकिन उन्हें इस सीजन में अब तक एक भी विकेट नहीं मिला है। शार्दूल ठाकुर पहले मैच में प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद पिछले मुकाबले में काफी महंगे साबित हुए।

स्पिन विभाग में मिचेल सैंटनर ने अफगान स्पिनर अल्लाह गजनफर की जगह अपनी उपयोगिता साबित की है और उनके अगले मैच में भी खेलने की पूरी संभावना है। मुंबई के गेंदबाजों के सामने राजस्थान के शानदार फॉर्म में चल रहे टॉप ऑर्डर को रोकने की बड़ी चुनौती होगी।

आरआर का टॉप ऑर्डर फॉर्म में, बिश्नोई टॉप विकेट टेकर राजस्थान रॉयल्स के लिए सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी ने अब तक विस्फोटक शुरूआत दी है। मध्यक्रम में ध्रुव जुरेल टीम को मजबूती दे रहे हैं। गेंदबाजी में रवि बिश्नोई इस सीजन के सफल गेंदबाजों में से एक बनकर उभरे हैं, उन्होंने 2 मैचों में 5 विकेट झटके हैं। वह अब तक सबसे सफर गेंदबाज रहे हैं और पर्पल कप में सबसे ऊपर हैं। वहीं, तुषार देशपांडे ने पिछले मैच में गुजरात टाइटंस के खिलाफ आखिरी ओवर में 10 रन बचाकर अपनी डेथ बॉलिंग का लोहा मनवाया। कप्तान रियान पराग भले ही बल्ले से अभी तक बड़ा स्कोर नहीं बना पाए हों, लेकिन उनकी कप्तानी और टैक्टिकल फैसलों की काफी सराहना हो रही है।

पिच रिपोर्ट- हाई स्कोरिंग मैच हो सकता है बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम की पिच आमतौर पर बैटिंग फ्रेंडली मानी जाती है। यहां गेंद बल्ले पर अच्छे से आती है, जिससे बल्लेबाज खुलकर शॉट खेल सकते हैं और बड़े स्कोर देखने को मिलते हैं। हालांकि, शुरूआत में तेज गेंदबाजों को हल्की मदद मिल सकती है, खासकर नई गेंद से स्विंग देखने को मिलती है। यहां चेज करना थोड़ा आसान माना जाता है, क्योंकि रात में ओस का असर पड़ सकता है और बल्लेबाजी आसान हो जाती है।

यहां अब तक आईपीएल के सिर्फ 7 मैच खेले गए हैं। 3 मैच में पहली इनिंग में बैटिंग करने वाली टीम और 2 में चेज करने वाली टीम को जीत मिली। जबकि एक मैच का रिजल्ट नहीं निकल सका। यहां का हाईएस्ट टीम स्कोर 199/4 है, जो राजस्थान रॉयल्स ने 2023 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ बनाया था।

### संभावित प्लेइंग-12

**मुंबई इंडियंस:** रोहित शर्मा, रायन रिकेल्टन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), नमन धीर, शेरफन रदरफोर्ड, मिचेल सैंटनर, हार्दिक पांड्या, शार्दूल ठाकुर, दीपक चाहर और जसप्रीत बुमराह, ट्रेंट बोल्ट

**राजस्थान रॉयल्स:** यशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रियान पराग (कप्तान), शिमरोन हेटमायर, डोनोवन फरेरा, रवींद्र जडेजा, जोफ्रा आर्चर, नांद्रे बर्गर, तुषार देशपांडे और संदीप शर्मा, रवि बिश्नोई।

## कोलकाता-पंजाब मैच बारिश में धुला

# 22 गेंदें ही डाली जा सकीं, दोनों टीमों को एक-एक अंक मिले




ब्रह्मास्त्र ›› कोलकाता

कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स के बीच का आईपीएल मैच बारिश के कारण बेनतीजा रहा है। मौजूदा सीजन में पहला मैच बारिश की भेंट चढ़ा है। कोलकाता में सोमवार शाम से रुक-रुककर हल्की बारिश होती रही।

कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में होम टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का फैसला लिया। टीम ने 3.4 ओवर में दो विकेट पर 25 रन बनाए थे, तभी शाम 7:46 बजे बारिश आ गई। कप्तान अजिंक्य रहाणे को 8 और अंगकृष रघुवंशी को 7 रन पर नाबाद लौटना पड़ा। दूसरे ओवर में जेवियर बार्टलेट ने कैमरन ग्रीन (4 रन) और फिन एलन (6 रन) को पवेलियन भेज दिया।

पंजाब पॉइंट्स टेबल के टॉप पर आया मैच बेनतीजा रहने के बाद पंजाब और कोलकाता को एक-एक अंक मिले। एक अंक के सहारे पंजाब की टीम पॉइंट्स टेबल के टॉप पर आ गई। जबकि कोलकाता की टीम 8वें नंबर पर है।

### दोनों टीमों की प्लेइंग

**कोलकाता नाइट राइडर्स:** फिन एलेन, अजिंक्य रहाणे (कप्तान), कैमरन ग्रीन, अंगकृष रघुवंशी (विकेटकीपर), रोवमन पॉवेल, रिंकू सिंह, रमनदीप सिंह, अनुकूल रॉय, नवदीप सैनी, वैभव अरोड़ा, कार्तिक त्यागी।

**पंजाब किंग्स:** प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), कूपर कॉनोली, श्रेयस अय्यर (कप्तान), नेहाल वाढेरा, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, मार्को यानसेन, जेवियर बार्टलेट, विजयकुमार वैशाक, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल।













आरबीआई ने जारी किए नए ड्राफ्ट नियम

# 16 लाख बैंकिंग कॉरस्पोंडेंट के वेतन में आएगी एकरूपता



ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेहरान

भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकिंग कॉरस्पोंडेंट (बीसी) के लिए नए ड्राफ्ट नियम जारी किए हैं। प्रस्तावित नियमों के अनुसार बीसी के वेतन में एकरूपता लाने और उन्हें अलग-अलग श्रेणियों में बांटने का प्रस्ताव है। विस्तृत जानकारी के लिए पढ़ें पूरी रिपोर्ट।

दूरदराज के इलाकों में बैंकिंग सेवाएं पहुंचाने वाले लाखों बैंकिंग कॉरस्पोंडेंट (बीसी) के लिए एक जरूरी खबर है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को इस व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए नए ड्राफ्ट नियम जारी किए हैं। नए ड्राफ्ट नियमों में आरबीआई ने बैंकिंग कॉरस्पोंडेंट को उनके काम के आधार पर दो अलग-अलग श्रेणियों में बांटने और उनके वेतन (कमीशन) तय करने में एकरूपता लाने का प्रस्ताव दिया है। यह कदम देश में वित्तीय समावेशन को और मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा सुधार माना जा रहा है। ब्रांच ऑथराइजेशन पर जारी इन नए ड्राफ्ट नियमों में ग्राहकों तक सेवाएं पहुंचाने वाले पॉइंट या 'डिलीवरी पॉइंट' को तीन स्पष्ट श्रेणियों में परिभाषित किया गया है: इन कॉरस्पोंडेंट्स को विशेष रूप से दूरदराज के क्षेत्रों में रिटेल बैंकिंग संचालन के लिए तैनात किया जाता है। इसके जरिए बैंकों की पहुंच का विस्तार होता है और देश में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में काफी मदद मिलती है। आरबीआई का यह नया कदम बीसी इकोसिस्टम में उन्हें मिलने वाले कमीशन या पारिश्रमिक भुगतान के मामले में एकरूपता लाने का अहम प्रयास है। वर्तमान में स्थिति यह है कि इन बिजनेस कॉरस्पोंडेंट के बीच कोई स्पष्ट वर्गीकरण नहीं है और उन्हें मिलने वाला कमीशन भी अलग-अलग बैंकों में भिन्न होता है।

पश्चिम एशिया संकट के बीच भारत में एलपीजी सप्लाई पर पेट्रोलियम मंत्रालय की ओर से बड़ा बयान आया

# हर दिन दिए जा रहे 50 लाख सिलेंडर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया संकट के बीच भारत में एलपीजी सप्लाई पर पेट्रोलियम मंत्रालय की ओर से बड़ा बयान आया है। विभाग की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया है कि तनाव से सप्लाई प्रभावित है, लेकिन रोजाना 50 लाख गैस सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है।

पश्चिम एशिया में जारी भारी भू-राजनीतिक तनाव और 35 दिनों से अधिक समय से चल रहे संकट के बीच, भारत सरकार ने ऊर्जा सुरक्षा को लेकर देश के उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया है। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने एक बड़ा बयान देते हुए स्पष्ट किया है कि इस क्षेत्र से भारत की एलपीजी सप्लाई भले ही प्रभावित हुई है, लेकिन आपूर्ति श्रृंखला को टूटने नहीं दिया गया है। उनके मुताबिक, वर्तमान विपरीत परिस्थितियों में भी भारत भर में प्रतिदिन लगभग 50 लाख एलपीजी सिलेंडरों की निर्बाध डिलीवरी सुनिश्चित की जा रही है।

**पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति पर कड़ी निगरानी-** सुजाता शर्मा ने स्थिति की गंभीरता को समझाते हुए बताया कि हमारी एलपीजी जरूरतों का एक बहुत बड़ा हिस्सा पश्चिम एशिया से ही आता है, जिसके कारण मौजूदा संकट से सप्लाई चेन पर असर पड़ा है। हालांकि, सरकार ने हर संभव प्रयास किया है कि किसी भी आम उपभोक्ता को पेट्रोलियम पदार्थों की किल्लत का सामना न करना पड़े। जमीनी स्तर पर स्थिति को संभालने के लिए तेल विपणन कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी लगातार फील्ड में जाकर निरीक्षण कर रहे हैं। सुजाता शर्मा ने कहा कि ये अधिकारी यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि सप्लाई सुचारू रहे और किसी भी संभावित गड़बड़ी को तुरंत रोका जाए। राहत की बात यह है कि देश के किसी भी डिस्ट्रीब्यूटर के पास से 'एलपीजी ड्राईआउट' (गैस खत्म होने) की कोई खबर नहीं है।

पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि आज 35 दिन से अधिक हो गए हैं। उन्होंने कहा, हमारी एलपीजी की जरूरत का बहुत बड़ा हिस्सा पश्चिम एशिया से ही आता है, इसलिए इससे सप्लाई प्रभावित हुआ है। हालांकि, भारत सरकार ने हर संभव प्रयास किया है कि किसी भी उपभोक्ता को पेट्रोलियम पदार्थों की दिक्कत न हो। किसी भी डिस्ट्रीब्यूटर के पास एलपीजी ड्राईआउट की खबर नहीं है। हम लगभग 50 लाख सिलेंडर की डिलिवरी हर रोज दे रहे हैं। पिछले पांच हफ्ते में लगभग 18 करोड़ घरों को एलपीजी सिलिंडर पहुंचाया गया है। ऑनलाइन बुकिंग 97% है। उन्होंने ताया कि ब्लैक मार्केटिंग रोकने के लिए डिलिवरी ऑथेंटिकेशन की व्यवस्था की गई है। हमारे डिस्ट्रीब्यूटर छुट्टी और रविवार के दिन भी काम कर रहे हैं।



### उर्वरक संयंत्रों को गैस आपूर्ति पर सरकार ने क्या कहा?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव शर्मा ने बताया कि उर्वरक संयंत्रों को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बढ़ाकर उनकी मांग का लगभग 90 फीसदी कर दिया गया है। पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण पहले उर्वरक (यूरिया) संयंत्रों को गैस आपूर्ति उनकी आवश्यकता के लगभग 60 फीसदी तक सीमित कर दी गई थी। वैकल्पिक व्यवस्थाओं से इसे 75-80 फीसदी तक बढ़ाया गया था। अब, छह महीने की औसत खपत के 90 फीसदी तक आपूर्ति आज से स्पॉट खरीद का उपयोग करके बढ़ाई गई है। कतर से एलएनजी आपूर्ति निलंबित होने के बावजूद, भारतीय कंपनियां अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और रूस जैसे वैकल्पिक आपूर्तिकर्ताओं से खरीद कर रही हैं। इन अतिरिक्त आपूर्तियों से विभिन्न क्षेत्रों के लिए कोटा बढ़ा है। शहर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क सहित अन्य औद्योगिक और वाणिज्यिक क्षेत्रों को गैस आपूर्ति सोमवार से अतिरिक्त 10 फीसदी बढ़ाई जाएगी। घरेलू पाइप वाली रसोई गैस और परिवहन के लिए सीएनजी जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को 100 फीसदी आपूर्ति जारी है। खाड़ी देशों से रसोई गैस (एलपीजी) की आपूर्ति प्रभावित है, लेकिन घरेलू उपभोक्ताओं के लिए आपूर्ति पूरी तरह से सुनिश्चित की जा रही है।

### भारतीय नाविक सुरक्षित

ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित रखने के साथ-साथ सरकार महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों पर भी पैनी नजर बनाए हुए है। राजनयिक स्तर पर, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने पश्चिम एशियाई संकट को लेकर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), कतर और ईरान के विदेश मंत्रियों के साथ अहम चर्चा की है, जिसकी पुष्टि विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने की है।

व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा को लेकर बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मुकेश मंगल ने महत्वपूर्ण आंकड़े साझा किए हैं:

पश्चिमी फारस की खाड़ी क्षेत्र में वर्तमान में 16 भारतीय ध्वज वाले जहाज मौजूद हैं, जिन पर 433 भारतीय नाविक तैनात हैं और सभी सुरक्षित हैं।

तनाव के बीच

## अब तक 8 जहाज आ चुके भारत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

खाड़ी में तनाव के बीच भारतीय एलपीजी टैंकर ग्रीन आशा ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज सफलतापूर्वक पार किया। 28 फरवरी के बाद यह इस मार्ग से गुजरने वाला नौवां भारतीय जहाज है, जो जोखिमों के बावजूद भारत की ऊर्जा आपूर्ति बनाए रहने का संकेत देता है।

एलपीजी आपूर्ति के मोर्चे पर भारत के लिए एक सकारात्मक खबर सामने आई है। भारतीय ध्वज वाला जहाज ग्रीन आशा ईरान के समीप स्थित अहम समुद्री मार्ग स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को सफलतापूर्वक पार कर चुका है। खाड़ी क्षेत्र में तनाव बढ़ने के बाद यह इस मार्ग से गुजरने वाला भारत का नौवां जहाज है। अमेरिका और इस्राइल के साथ बढ़े संघर्ष के बाद ईरान द्वारा इस जलडमरूमध्य को बंद किए जाने की खबरों के बीच यह ट्रांजिट खास महत्व रखता है।

**होर्मुज क्यों है इतना अहम-** वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिहाज से होर्मुज जलडमरूमध्य बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि दुनिया के कुल पेट्रोलियम व्यापार का करीब 20 प्रतिशत हिस्सा इसी रास्ते से होकर गुजरता है। ऐसे में इस मार्ग पर किसी भी तरह का व्यवधान सीधे अंतरराष्ट्रीय बाजारों को प्रभावित करता है।

**ग्रीन आशा से पहले आठ जहाज इस रास्ते से गुजर चुके हैं-** रिपोर्ट्स के अनुसार, ग्रीन आशा एक एलपीजी टैंकर है और मौजूदा जोखिमों के बावजूद इसका सुरक्षित पार होना इस क्षेत्र पर भारत की लगातार निर्भरता को दर्शाता है। तनाव के चलते वैश्विक ईंधन आपूर्ति श्रृंखला पर दबाव बना हुआ है और ऊर्जा बाजार अनिश्चितता के दौर से गुजर रहे हैं। समुद्री आंकड़ों के मुताबिक, इस मार्ग से गुजरने वाले करीब 60 प्रतिशत जहाजों का संबंध ईरान से है या तो वे वहां से आते हैं या वहां के लिए जाते हैं। इन परिस्थितियों के बावजूद भारतीय जहाजों की आवाजाही बनी हुई है। ग्रीन आशा से पहले भी आठ भारतीय जहाज इस रास्ते से गुजर चुके हैं। इनमें एलपीजी वाहक बीडब्ल्यू टीवाईआर और बीडब्ल्यू ईएलएम शामिल हैं, जिन्होंने संघर्ष क्षेत्र से लगभग 94,000 टन कार्गो ढोया। मार्च के अंत में पाइन गैस और जग वसंत समेत चार भारतीय एलपीजी टैंकरों ने तीन दिनों में 92,600 टन से अधिक एलपीजी की आपूर्ति की। वहीं, इससे पहले एमटी शिवालिक और एमटी नंदा देवी ने गुजरात के मुंद्रा और कांडला बंदरगाहों तक करीब 92,700 टन एलपीजी पहुंचाई थी।

रेपो रेट, महंगाई और अमेरिका-ईरान युद्ध का भारतीय अर्थव्यवस्था और रुपये पर क्या असर होगा

# अमेरिका-ईरान जंग के बीच रिजर्व बैंक की अहम बैठक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

आरबीआई एमपीसी की अप्रैल 2026 में होने वाली बैठक सोमवार को शुरू हो गई। इस बैठक में लिए गए फैसले का एलान बुधवार को रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा करेंगे। आइए जानते हैं एमपीसी की इस बार हो रही बैठक से जुड़े हर सवाल का जवाब। जानें रेपो रेट, महंगाई और अमेरिका-ईरान युद्ध का भारतीय अर्थव्यवस्था और रुपये पर क्या असर होगा।

भारतीय रिजर्व बैंक (आबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की अप्रैल महीने की महत्वपूर्ण बैठक शुरू हो गई है। ऐसे समय में जब वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव, विशेषकर अमेरिका-ईरान युद्ध, दुनिया भर के ऊर्जा बाजारों को प्रभावित कर रहा है, तब भारतीय अर्थव्यवस्था की नजरें इस नीतिगत बैठक पर टिकी हैं। निवेशकों और आम जनता के मन में उठ रहे तमाम सवालों के जवाब हमने इस रिपोर्ट में दिए हैं:

**सवाल:** आरबीआई की एमपीसी बैठक कब तक चलेगी और इसका मुख्य एजेंडा क्या है?

**जवाब:** रिजर्व बैंक की एमपीसी बैठक 6 अप्रैल से 8 अप्रैल 2026 तक आयोजित की जा रही है। इस तीन दिवसीय बैठक का मुख्य एजेंडा ब्याज दरों की समीक्षा करना और अर्थव्यवस्था में महंगाई के आउटलुक का आकलन करना है। इस बार समिति का सबसे ज्यादा ध्यान मौजूदा अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण महंगाई पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों पर केंद्रित रहने की उम्मीद है।



**सवाल:** क्या इस बार ब्याज दरों में कोई बदलाव होने की संभावना है?

**जवाब:** आर्थिक विश्लेषकों का मानना है कि एमपीसी अपनी अप्रैल की इस समीक्षा में ब्याज दरों को 5.25% पर स्थिर रख सकती है। रॉयटर्स की जनवरी की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2026 के अंत तक केंद्रीय बैंक द्वारा 5.25% की प्रमुख ब्याज दर को बनाए रखने की उम्मीद है, ताकि पिछली कटौतियों के प्रभाव का आकलन किया जा सके। विशेषज्ञों का यह भी मानना है कि वैश्विक हालात में आए नाटकीय बदलावों के कारण आरबीआई भविष्य में भी सतर्क दृष्टिकोण अपनाएगा।

**सवाल:** अमेरिका-ईरान युद्ध का भारतीय अर्थव्यवस्था और रुपये पर क्या असर पड़ रहा है?

**जवाब:** मध्य पूर्व में जारी युद्ध ने वैश्विक ऊर्जा बाजारों को बुरी तरह बाधित किया है, जिससे ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर बनी हुई हैं। महत्वपूर्ण 'होर्मुज जलडमरूमध्य' के अनिश्चित काल के लिए बंद होने से भारत का ऊर्जा आयात भी प्रभावित हुआ है। इसके परिणामस्वरूप, 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के बाद से भारतीय रुपये में 4% से अधिक की भारी गिरावट आई है, जो वित्तीय वर्ष 2026 को एक दशक से अधिक समय में रुपये के लिए सबसे खराब साल बनाता है।

**सवाल:** महंगाई और ब्याज दरों के मोर्चे पर आरबीआई का हालिया रुख कैसा रहा है?

**जवाब:** रिजर्व बैंक ने फरवरी 2025 से अब तक ब्याज दरों में कुल 125 बेसिस पॉइंट्स की कटौती की है। दर में आखिरी कटौती दिसंबर में की गई थी, जिसके बाद से विशेषज्ञों ने काफी हद तक ठहराव का अनुमान लगाया था। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि भविष्य में रुपये और ब्याज दरों की दिशा काफी हद तक वैश्विक मैक्रो कारकों द्वारा ही निर्धारित होगी।

**सवाल:** मौजूदा संकट के बीच दुनिया के अन्य देशों के केंद्रीय बैंक क्या कदम उठा रहे हैं?

**जवाब:** जहां भारत में दरें स्थिर रहने का अनुमान है, वहीं वैश्विक स्तर पर कई देश आक्रामक कदम उठा रहे हैं। हाल ही में, ऑस्ट्रेलिया और जापान के केंद्रीय बैंकों ने महंगाई को नियंत्रित करने के लिए ब्याज दरों में बढ़ोतरी की है। इसके अलावा कोलंबिया और ब्राजील ने भी महंगाई पर काबू पाने के लिए इसी तरह के कदम उठाए हैं।

**सवाल:** आरबीआई के फैसले और गवर्नर का संबोधन कब और कहां देखा जा सकता है?

चांदी में 5000 रुपये का भारी उछाल

# सोना 1.53 रुपये लाख के पार पहुंचा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

वैश्विक अनिश्चितता और कमजोर डॉलर के बीच सोने-चांदी की कीमतों में भारी उछाल दर्ज किया गया है। नई दिल्ली में चांदी 5,000 रुपये बढ़कर 2.42 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है।

वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और अमेरिकी डॉलर के कमजोर होने का सीधा असर घरेलू सर्राफा बाजार पर देखने को मिला है। सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में मूल्यवान धातुओं की कीमतों में जबरदस्त तेजी दर्ज की गई, जिसमें चांदी 5,000 रुपये की भारी छलांग लगाकर 2.42 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई। वहीं, सोने की कीमतों में भी जोरदार उछाल देखने को मिला है। विश्लेषकों का मानना है कि पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव और मूल्य खरीदारी इस उछाल के प्रमुख कारण हैं।

**कैसी रही सर्राफा बाजार की हलचल-** 'ऑल इंडिया सर्राफा एसोसिएशन' की ओर से जारी किए गए ताजा आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार के 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद स्तर के मुकाबले सोमवार को चांदी की कीमत 2.11 प्रतिशत (5,000 रुपये) बढ़कर 2,42,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। इसी तरह, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में भी 1.52 प्रतिशत या 2,300 रुपये की जोरदार बढ़त दर्ज की गई। यह पिछले सत्र के 1,51,500 रुपये से उछलकर 1,53,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के स्तर पर पहुंच गया है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटी) सौमिल गांधी के अनुसार, कीमती धातुओं में हालिया गिरावट के बाद व्यापारियों द्वारा की गई 'वैल्यू बाइंग' (बार्गेन हंटिंग) के साथ-साथ डॉलर तथा कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट ने इस तेजी को समर्थन दिया है।

**अंतरराष्ट्रीय बाजार और भू-राजनीतिक प्रभाव-** घरेलू बाजार की तरह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी कीमती धातुओं में चमक दिखी है, जहां हाजिर चांदी 0.5 प्रतिशत बढ़कर 73.37 डॉलर प्रति औंस और सोना 0.14 प्रतिशत बढ़कर 4,682.80 डॉलर प्रति औंस हो गया। मीरा एसेट शेयरखान के कमोडिटीज प्रमुख प्रवीण सिंह ने बताया कि हाजिर सोना लगभग 0.2 प्रतिशत की बढ़त के साथ 4,680 डॉलर प्रति औंस के आसपास कारोबार कर रहा था।

## नवजोत सिद्धू की पत्नी ने नई पार्टी बनाईः घोषणा के वक्त पति साथ नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पूर्व क्रिकेटर व कांग्रेस के पूर्व पंजाब अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी डॉ. नवजोत कौर सिद्धू ने नई पार्टी बना ली है। नवजोत कौर सिद्धू ने अपने हैंडल पर पोस्ट करते हुए नई पार्टी की घोषणा की। नवजोत कौर सिद्धू ने एक फोटो पोस्ट की है, जिसके बैकग्राउंड में नई पार्टी का नाम भारतीय राष्ट्रवादी पार्टी लिखा है। उन्होंने पोस्ट में लिखा है कि बहुप्रतीक्षित घोषणा।

उसमें उन्होंने लिखा है- हमने राष्ट्रीय स्तर पर एक नए विकल्प का काम किया है, जिसमें हमने वर्तमान राजनीतिक नेताओं के प्रदर्शन मानकों का गहराई से अध्ययन और मूल्यांकन किया है। हम केवल अपने देश के लिए अपना जीवन समर्पित करना चाहते हैं और लोगों को वही देना चाहते हैं, जिसके वे वास्तव में हकदार हैं और हमसे अपेक्षा रखते हैं।

डॉ. नवजोत कौर ने सोशल मीडिया पर यह पोस्ट देर रात अपलोड की है। हालांकि, पार्टी की घोषणा करते वक्त उनके साथ उनके पति नवजोत सिंह सिद्धू नहीं दिख रहे। नवजोत कौर को पिछले साल कांग्रेस पार्टी से निकाला गया था। इसके बाद वह भाजपा से नजदीकियां बढ़ा रही थीं। एक जैसी सोच के लोगों को जोड़ाः नवजोत कौर ने अपनी पोस्ट में लिखा कि यह एक दिव्य प्रेरणा है, जिसने कुछ समान सोच वाले लोगों को एक साथ जोड़ा है, जिनमें क्षमता, आत्मविश्वास, साहस और दृढ़ संकल्प है कि वे हर राज्य में एक समान लक्ष्य के साथ काम करें। न्याय, शांति और प्रेम के माध्यम से उच्च चेतना की ऊर्जा के साथ कार्य करते हुए वही प्रदान करें जो वाहेगुरु जी हमसे चाहते हैं।

पंजाब को खोई हुई गरिमा वापस दिलाएंगेः डॉ नवजोत कौर ने पोस्ट में आगे लिखा कि हम पंजाब को उसकी खोई हुई गरिमा दिलाने की दिशा में आगे बढ़ेंगे, ताकि वह फिर से एक स्वर्णिम राज्य बन सके। जहां लोग प्रेम, साझेदारी, न्याय, स्वतंत्रता के अधिकार और निःस्वार्थ सेवा के उद्देश्य के साथ आध्यात्मिक विकास की राह पर चलें और बिना किसी बाहरी हस्तक्षेप के अपने लक्ष्य, मूल्यों और दृष्टिकोण को प्राप्त करें। डॉ नवजोत कौर सिद्धू ने लिखा कि हम एक ऐसी सरकार देंगे जो जनता की हो, जनता के लिए हो और जनता द्वारा चलाई जाए। पंजाब के लोगों की सरकार होगी।

### दिल्ली विधानसभा सुरक्षा चूक, आरोपी 5 दिन से लापता था

# परिवार से एक बार बात की, लेकिन लोकेशन नहीं बताई; किसान आंदोलन का समर्थक रह चुका

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा कैंपस में सुरक्षा उल्लंघन करने वाले आरोपी सरबजीत सिंह (37 साल) को लेकर कई खुलासे हुए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वह 1 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में अपने घर से निकला था। करीब 5 दिन तक उसका कोई पता नहीं था।

इस दौरान उसने परिवार से एक बार संपर्क किया, लेकिन अपनी लोकेशन के बारे में कुछ नहीं बताया। सूत्रों के मुताबिक वह 2 अप्रैल को बरेली गया और फिर 6 अप्रैल को दिल्ली पहुंचा था। दोपहर करीब 2.10 बजे सफेद एसयूवी लेकर विधानसभा के गेट नंबर-2 की बैरिकेडिंग तोड़कर अंदर घुसा था।

उसने पोर्च में खड़ी स्पीकर विजेंद्र गुप्ता की गाड़ी पर गुलदस्ता और माला रखकर फरार हो गया। जांच में सामने आया है कि आरोपी 2020-21 के किसान आंदोलन का समर्थक रहा है। उसने सोशल मीडिया पर कई पोस्ट किए थे, लेकिन बाद में कई पोस्ट हटा दिए।

### आरोपी ने इसी साल फरवरी में खरीदी एसयूवी कार

पुलिस ने बताया कि आरोपी तेज रफ्तार में कार लेकर जबरन घुसा और सुरक्षाकर्मियों को कुचलने की कोशिश की। आरोपी जिस गाड़ी से आया था, उसे इसी साल फरवरी में खरीदी थी। पुलिस उन वीडियो की भी जांच कर रही है, जिनमें वह 150 किमी/घंटा से ज्यादा की रफ्तार से कार चलाता दिख रहा है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने अभी तक विधानसभा में घुसने का अपना मकसद नहीं बताया है। उसके कॉल रिकॉर्ड, मूवमेंट और डिजिटल गतिविधियों की जांच की जा रही है। इससे यह पता चलेगा कि उसने सबकुछ खुद किया या किसी के कहने पर किया।



### परिवार बोला- सरबजीत मानसिक रूप से बीमार

घटना के समय सदन की कार्यवाही नहीं चल रही थी। कार में आरोपी अकेले ही था। उसने चेहरा ढका हुआ था। मौके से फरार होने के करीब दो घंटे बाद पुलिस ने उसे रूप नगर इलाके से दो अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार किया।

दिल्ली पुलिस ने सिविल लाइंस थाने में उस पर हत्या के प्रयास समेत कई धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। परिवार ने पुलिस को बताया कि सरबजीत मानसिक रूप से बीमार है और किसी के काबू में नहीं रहता। हालांकि, उसकी मानसिक स्थिति की जांच जारी है। मेडिकल रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।



### 20 अगस्त 2025: दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता पर हमला हुआ था

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर 20 अगस्त 2025 की सुबह जनसुनवाई के दौरान हमला हुआ था। शिकायतकर्ता बनकर पहुंचे आरोपी ने सीएम को कागज देते समय उनका हाथ खींचा था। आरोपी ने उनके बाल खींचे और फिर थप्पड़ मारा था। हमले में रेखा के हाथ-कंधे, सिर पर चोटें आईं थीं। आरोपी का नाम राजेशभाई खीमजी था। गुजरात के राजकोट का रहने वाला था। उसे तुरंत ही गिरफ्तार कर लिया गया था। राजेश पर गुजरात में भी चाकूबाजी समेत 5 केस पहले से दर्ज थे। हालांकि, गिरफ्तारी के दौरान उसके पास कोई हथियार नहीं मिला था।

## अभिषेक बनर्जी बोले- पाकिस्तानी रक्षा मंत्री को घर में घुसकर मारेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली


तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने सोमवार को कोलकाता पर धमकी को लेकर पाकिस्तान का जवाब दिया। उन्होंने एक चुनावी रैली में कहा- मैंने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ का नाम एक कागज पर लिख लिया है। जिस दिन ममता बनर्जी और इंडिया ब्लॉक की सरकार बनेगी, हम उन्हें उनके घर में घुसकर मारेंगे। दरअसल पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने 3 अप्रैल को कहा था कि अगर भारत की ओर से कोई कदम उठाया गया, तो पाकिस्तान कोलकाता पर हमला कर जवाब देगा। इस पर अभिषेक ने कहा- पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने खुलेआम कोलकाता पर हमले की धमकी दी, फिर भी न तो नरेंद्र मोदी और न ही अमित शाह इसकी निंदा करने की हिम्मत जुटा पाए। इधर असम मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा और उनकी पत्नी रिनिकी भुइयां शर्मा ने कांग्रेस के खिलाफ ऋक्षफ दर्ज कराई है। रिनिकी ने कांग्रेस पर अकजनरेटेड कंटेंट और फोटोशॉप के जरिए उनकी छवि खराब करने का आरोप लगाया। दरअसल रविवार को कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने हिमंता की पत्नी पर दोहरी नागरिकता का आरोप लगाया था। पवन खेड़ा ने कहा कि असम सीएम की पत्नी के पास तीन देशों मिस्त्र, एंटीगुआ-बरबूडा और वअए के पासपोर्ट हैं। उन्होंने आगे कहा ही हिमंता की पत्नी ?52 हजार करोड़ की अमेरिकी कंपनी की भी मालिक हैं। असम, केरल और पुडुचेरी में मंगलवार को चुनाव प्रचार थम जाएगा। इन दो राज्यों और एक केद्र शासित प्रदेश में 9 अप्रैल को वोटिंग होगी। इधर तमिलनाडु में सोमवार को नॉमिनेशन प्रक्रिया पूरी हो गई। राज्य की 234 सीटों पर 7 हजार से ज्यादा उम्मीदवारों ने पर्चे दाखिल किए हैं।

### महिलाओं का खतना और मस्जिद में औरतों के नमाज पढ़ने पर भी सुप्रीम कोर्ट में होगी जिरह

# सबरीमाला में महिलाओं की एंट्री पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केरल के सबरीमाला मंदिर में महिलाओं को एंट्री देने का आदेश जारी रहे या नहीं, सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की संविधान पीठ आज से इस पर सुनवाई करेगी। मस्जिदों में महिलाओं की एंट्री, दाऊदी बोहरा समुदाय में महिला का खतना और दूसरे धर्म में शादी करने वाली पारसी महिलाओं को धार्मिक स्थलों में जाने का अधिकार मिले या नहीं, कोर्ट इस पर भी फैसला करेगा। धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ भेदभाव से जुड़े ये सवाल पिछले 26 साल से देश की अलग-अलग अदालतों में पेंडिंग हैं। सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की संविधान पीठ आज से 22 अप्रैल तक 50 से ज्यादा याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई करेगी।



सुप्रीम कोर्ट में 7 अप्रैल की सुबह 10.30 बजे सबरीमाला रिव्यू केस की सुनवाई शुरू होगी। रीव्यू पिटीशनरों और उन्हें सपोर्ट करने वाले 7 अप्रैल से 9 अप्रैल तक, विरोध करने वाले 14 अप्रैल से 16 अप्रैल तक दलीलें दे सकेंगे। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद 2 जनवरी 2019 को बिंदु कनकदुर्गा (45) और बिंदु अम्मिनी (46) ने पुलिस सुरक्षा में सबरीमाला मंदिर में प्रवेश किया। वे ऐसा करने वालीं पहली महिलाएं थीं। दोनों ने मंदिर में जाने के लिए पारंपरिक काले कपड़े पहने। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद 2 जनवरी 2019 को बिंदु कनकदुर्गा (45) और बिंदु अम्मिनी (46) ने पुलिस सुरक्षा में सबरीमाला मंदिर में प्रवेश किया। वे ऐसा करने वालीं पहली महिलाएं थीं। दोनों ने मंदिर में जाने के लिए पारंपरिक काले कपड़े पहने।

### 9 जजों की बेंच 5 मुद्दों पर सुनवाई करेगी

1. सबरीमाला मंदिर में महिलाओं का प्रवेशः क्या सभी आयु की महिलाओं को प्रवेश का अधिकार है? बेंच यह तय करेगी कि साल 2018 में इंडियन यंग लॉयर एसोसिएशन श्२ स्टेट ऑफ केरल मामले में हाईकोर्ट का फैसला सही था या नहीं। मंदिर में 10 से 50 साल की महिलाओं को प्रवेश की इजाजत दिए जाने के इस फैसले का रीव्यू करने के लिए मंदिर के पुजारी समेत कुछ संस्थाओं ने याचिका लगाई है, तो कुछ संगठन इसके खिलाफ हैं।

2. दाऊदी बोहरा समुदाय में महिलाओं का खतनाः क्या यह प्रथा मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है? 2017 में एडवोकेट सुनीता तिवारी ने दाऊदी बोहरा समुदाय में महिला खतना का मुद्दा उठाया और सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की।

3. मस्जिदों में महिलाओं का प्रवेशः क्या मुस्लिम महिलाओं को मस्जिद में नमाज पढ़ने से रोका जा सकता है। 2016 में यास्मीन जुबैर अहमद पीरजादा नाम की महिला ने मुस्लिम महिलाओं का मस्जिद में प्रवेश का मुद्दा उठाया और सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की।

4. पारसी महिलाओं का अग्निमंदिर में प्रवेशः क्या गैर-पारसी से शादी करने वाली पारसी महिला को अग्नि मंदिर में प्रवेश से रोका जा सकता है? 2012 में पारसी महिला गुलरुख एम गुप्ता ने हिंदू व्यक्ति से शादी की। उन्हें पारसी धर्मस्थलों में प्रवेश से रोका जाने लगा। उन्होंने इसके खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट में पारसी महिलाओं के धार्मिक अधिकार को लेकर याचिका लगाई। बाद में मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा।

### पिछली सुनवाई में कोर्ट ने 7 सवाल तय किए

13 जनवरी 2020 को सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि वह सीधे पुनर्विचार याचिकाओं पर नहीं, बल्कि आर्टिकल 25 (धार्मिक स्वतंत्रता) और आर्टिकल 14 (समानता) के बीच संतुलन तथा आवश्यक धार्मिक प्रथाएं जैसे सिद्धांतों पर विचार करेगा।

14 से 23 जनवरी के बीच चली सुनवाई में याचिकाकताओं ने महिलाओं के बहिष्कार को असंवैधानिक बताया, जबकि धार्मिक पक्ष ने आस्था और आर्टिकल 26 के तहत स्वतंत्रता का हवाला देते हुए न्यायिक हस्तक्षेप सीमित रखने की मांग की। इसी दौरान कोर्ट ने आवश्यक धार्मिक प्रथाएं और ज्यूडिशिअल रिव्यू की सीमाओं पर सवाल उठाए।

3 से 7 फरवरी के दौरान भी बहस जारी रही, जहां समानता बनाम धार्मिक स्वतंत्रता और न्यायिक सीमा के मुद्दों पर चर्चा हुई। लेकिन कोविड-19 के कारण सुनवाई रोक दी गई।

### सुप्रीम कोर्ट ने फैसला बरकरार रखा तो क्या बदलेगा

अगर सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की बेंच केरल हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के 5 जजों की संविधान पीठ के फैसले को बरकरार रखती है तो भविष्य में धार्मिक मामलों में कोर्ट के दखल की सीमा तय हो सकती है। सबरीमाला मंदिर में 10 से 50 साल की फीमेल की एंट्री बैन है। इसकी वजह मासिक धर्म है, क्योंकि पीरियड के दौरान महिलाओं को अशुद्ध माना जाता है। उन्हें धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेने से रोका जाता है।सबरीमाला मंदिर की पौराणिक मान्यता के अनुसार, भगवान अयप्पा एक ब्रह्मचारी हैं, जिन्होंने ब्रह्मचर्य का व्रत लिया है, और इसी कारण एक निश्चित आयु वर्ग की महिलाओं को मंदिर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाती थी।

## सील टीम-6 ने पहाड़ों से अमेरिकी पायलट को बचाया

# ईरान में 300 किमी घुसकर ऑपरेशन को दिया अंजाम, लादेन को मारने वाली यही यूनिट थी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका ने ईरान में लापता दोनों पायलट्स को 36 घंटे के भीतर रेस्क्यू कर लिया। ईरान में 3 अप्रैल को एक ऑपरेशन पर गए ऋ15ए फाइटर जेट्स पर हमला हुआ था। विमान के क्रैश होने से पहले दोनों पायलट्स पैराशूट की मदद से इजेक्ट हो गए थे। इसमें से एक पायलट को अमेरिकी सेना ने कुछ ही घंटे बाद ढूंढ लिया जबकि दूसरे के लिए एक बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। इसकी सफलता की तारीफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी की। उन्होंने इसे देश के इतिहास का सबसे खतरनाक रेस्क्यू मिशन बताया।

न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि अमेरिकी नेवी की स्पेशल यूनिट सील टीम-6 ने इसे अंजाम दिया। यह वही स्पेशल फोर्स है जिसने 2011 में आतंकी ओसामा बिन लादेन को पाकिस्तान के एबटाबाद में घुसकर मारा था।



### इजराइल के साथ से संभव हुआ मिशन

ईरान के साथ संघर्ष के बीच यह 2026 का पहला कन्फर्म्ड अमेरिकी ग्राउंड ऑपरेशन माना जा रहा है। एक सैनिक को बचाने के लिए बड़े स्तर पर सैन्य ताकत का इस्तेमाल हुआ, जो इसकी अहमियत दिखाता है।

मिशन को सफल बनाने के लिए अमेरिका ने कई लेयर में रणनीति बनाई। पहले, इजराइली खुफिया एजेंसी ने ईरानी सेना की मूवमेंट ट्रैक की। फिर हवाई हमले 36 घंटे के लिए रोके गए ताकि रेस्क्यू टीम आगे बढ़ सके। इसके बाद उक्श ने फर्जी जानकारी फैलाई कि ऑफिसर सड़क से भाग निकला है। ऊपर अमेरिकी फाइटर जेट्स निगरानी कर रहे थे, जबकि जमीन पर कमांडो आगे बढ़ रहे थे। अमेरिकी नेवी की स्पेशल यूनिट सएअछ टीम-6 ने ऑपरेशन शुरू किया। जब कमांडो अफसर तक पहुंचे, तब ईरानी सेना बेहद करीब थी। ऐसे में भारी गोलीबारी कर दुश्मन को पीछे धकेला गया। इसके बाद ट्रांसपोर्ट विमान फायरिंग के बीच उतरे और घायल अफसर को बाहर निकाला गया।

### अमेरिकी सेना ने अपने ही दो विमान नष्ट किए

ऑपरेशन के बीच इस्फहान के पास तकनीकी खराबी के कारण दो अमेरिकी ट्रांसपोर्ट विमान काम नहीं कर पाए। इन विमानों को मौके पर ही विस्फोट से नष्ट कर दिया गया, ताकि कोई संवेदनशील तकनीक दुश्मन के हाथ न लगे। इस मिशन की तुलना 2011 में पाकिस्तान के एबटाबाद में हुए ऑपरेशन से की जा रही है, जब ओसामा बिन लादेन को मार गिराया गया था। तब भी अमेरिकी कमांडो ने खराब हेलीकॉप्टर को नष्ट कर दिया था।

## टीम-6 नाम सोवियत यूनियन को धोखा देने के लिए रखा

इससे पहले रेगुलर स्पेशल ऑपरेशन के लिए सील टीम-1 और सील टीम- 2 थी। लेकिन सबसे सीक्रेट मिशन को पूरा करने के लिए सील टीम-6 बनाई गई। तब टीम-6 नाम जानबूझकर रखा गया था ताकि सोवियत यूनियन को लगे कि अमेरिका के पास कई सील टीमें हैं। सील टीम 6 को इस तरह तैयार किया जाता है कि वे जमीन, समुद्र और हवा तीनों जगह ऑपरेशन कर सकें। रात, खराब मौसम, दुश्मन के इलाके हर हालत में काम करें और बिना पहचान के सीक्रेट मिशन पूरा करें। जैसे अमेरिकी सेना की डेल्टा फोर्स है, वैसे ही नेवी की सील टीम-6 है। दोनों टायर-1 यूनिट हैं। फर्क ऑपरेटिंग डोमेन का है–डेल्टा फोर्स जमीन आधारित और सील टीम-6 समुद्र व मल्टी डोमेन ऑपरेशन के लिए है। सील टीम 6 में शामिल होना दुनिया की सबसे कठिन चयन प्रक्रियाओं में है। इसमें सीधे भर्ती नहीं होती। पहले नेवी सील बनना पड़ता है, फिर कई साल के अनुभव के बाद चुनिंदा कमांडोज को आगे बुलाया जाता है। इसके बाद ग्रीन टीम नाम की एक कड़ी चयन और ट्रेनिंग प्रक्रिया होती है। यही वह आखिरी चरण होता है, जहां से फाइनल चयन किया जाता है। इस दौरान सैनिकों को बेहद कठिन शारीरिक और मानसिक परीक्षणों से गुजरना पड़ता है। इसमें लंबी दूरी की दौड़, भारी वजन के साथ मार्च, खुले पानी में तैराकी और नींद की कमी के बीच लगातार काम करना शामिल होता है। अकेले मैप और कंपास के सहारे कठिन इलाकों में रास्ता खोजने जैसे टास्क भी दिए जाते हैं।



### एबटाबाद से ज्यादा बड़ा था ईरान का रेस्क्यू मिशन

ईरान में रेस्क्यू का यह मिशन एबटाबाद ऑपरेशन से ज्यादा बड़ा था। उसमें 24 सील कमांडो दो स्टेल्थ ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टरों में पाकिस्तान के अंदर घुसे थे। लेकिन इसमें सैकड़ों स्पेशल फोर्स सैनिक, दर्जनों लड़ाकू विमान और हेलिकॉप्टर, साइबर और स्पेस टेक्नोलॉजी। सब एक ही मिशन के लिए जुटे थे।




ईरान के अंदर, इस्फहान के पास एक छोड़े गए एयरस्ट्रिप पर फॉरवर्ड रिफ्यूलिंग पॉइंट बनाया गया। दो ट3-130ख कमांडो विमान और टर्ल-6 हेलिकॉप्टर वहां उतरे। लेकिन दोनों ट्रांसपोर्ट विमान वहीं फंस गए और उड़ नहीं पाए। नए विमान बुलाए गए। वे गोलाबारी के बीच पहुंचे। आखिरकार, सील टीम 6 ने एयरमैन को ढूंढ लिया।

मिशन कामयाब- एक भी अमेरिकी सैनिक नहीं मरा अब जरा सी भी गलती की गुंजाइश नहीं थी। ईरानी फोर्स पास पहुंच रही थी। कमांडो ने फायरिंग कर उन्हें रोका। ऊपर से हवाई हमले कर दुश्मन के काफिलों को निशाना बनाया गया। घायल एयरमैन को पहाड़ों से निकालकर विमान में बैठाया गया, साथ ही फंसी हुई रेस्क्यू टीम को भी। तीन नए ट्रांसपोर्ट विमान उन्हें लेकर ईरान से बाहर निकले। इस मिशन में अमेरिका का कोई सैनिक नहीं मरा।

### ईरान में ऑपरेशन नाकाम, फिर बनी सीगल टीम-6


1979 में ईरान की इस्लामिक क्रांति के बाद तेहरान में अमेरिकी दूतावास पर कब्जा हो गया। इस दौरान 52 अमेरिकी बंधक बना लिए गए। इन्हें छुड़ाने के लिए अमेरिका ने अप्रैल 1980 में एक मिशन ऑपरेशन ईगल क्लॉ लॉन्च किया।

ईरान के रेगिस्तान में तकनीकी खराबी, मौसम और कोऑर्डिनेशन फेल होने से यह मिशन असफल हो गया। इसमें 8 अमेरिकी सैनिक मारे गए थे। तब अमेरिका को एहसास हुआ कि उसके पास ऐसा यूनिट नहीं है जो हाई-रिस्क काउंटर-टेरर ऑपरेशन में हॉस्टेज रेस्क्यू और दुश्मन के इलाके में सीक्रेट मिशन को पूरी क्षमता से कर सके। इस नाकामी के तुरंत बाद अमेरिकी नेवी ने सील टीम-6 बनाया। इसका असली नाम नेवेल स्पेशल वारफेयर डेवलपमेंट ग्रुप है। इसका कोड नेम ऊएश्त्रक्ष्ग है। यह डेवलेपमेंट और ग्रुप से मिलकर बनाया गया है।

# पाकिस्तान की भारत को धमकी-अगला संघर्ष सीमा तक नहीं रहेगा, रक्षा मंत्री आसिफ बोले- हम कोलकाता तक पहुंचेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने शनिवार को सियालकोट में पत्रकारों से बात करते हुए भारत को धमकी दी है। उन्होंने कहा कि अगर भारत कोई फॉल्स फ्लैग ऑपरेशन (छिपकर हमला) करता है, तो इस बार संघर्ष सिर्फ सीमा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि कोलकाता तक पहुंच सकता है।



ख्वाजा आसिफ ने दावा किया कि भारत अपने लोगों या हिरासत में बंद पाकिस्तानियों का इस्तेमाल करके झूठा ड्रामा रचने की योजना बना रहा है। पिछले साल की तरह इस बार भारत को और ज्यादा शर्मिंदगी का सामना करना पड़ेगा। आसिफ ने आगे ये भी कहा कि शवों को कहीं रखकर पाकिस्तान पर आतंकवाद का आरोप लगाया जा सकता है, लेकिन उन्होंने (भारत ने) इस दावे के लिए कोई सबूत नहीं दिया।

ख्वाजा आसिफ के इस बयान पर भारत की ओर से अभी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। हालांकि, भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने केरलम में एक कार्यक्रम में पाकिस्तान को साफ चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा था कि अगर पाकिस्तान फिर कोई गलत कदम उठाएगा तो भारतीय सेना निर्णायक जवाब देगी। ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है और अगर पाकिस्तान ने दोबारा गंदा खेल खेला तो भारतीय सैनिक ऐसा जवाब देंगे जो वे कभी नहीं भूलेंगे।

### भारत पर प्रॉक्सी वॉर चलाने का आरोप लगा चुके ख्वाजा आसिफ

ख्वाजा आसिफ ने हाल ही में कहा था कि भारत और अफगानिस्तान की तालिबान सरकार मिलकर पाकिस्तान के खिलाफ प्रॉक्सी वॉर चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पर हमलों को लेकर नई दिल्ली और काबुल की सोच एक जैसी है। आसिफ ने कहा जरूरत पड़ी तो पाकिस्तान अफगानिस्तान में दोबारा कार्रवाई कर सकता है। अगर अफगानिस्तान की ओर से शांति की कोई ठोस गारंटी नहीं मिलती है, तो पाकिस्तान वहां नए हमले करने से पीछे नहीं हटेगा। आसिफ ने यह भी कहा कि भारत के साथ युद्ध की संभावना अभी भी खत्म नहीं हुई है।

पश्चिम रेलवे - रतलाम विभाग
नम्बर: W/623/5/UNIT दिनाङ्कः ०२.०४.२०२६
ई-निविदा सूचना
संभागीय रेलवे प्रबन्धक/संभागीय कार्यालय (कार्य लेखा शाखा) पश्चिम रेलवे, रतलाम भारत के राष्ट्रपति तथा ई-निविदाजालस्थलेन निम्नलिखितकार्यस्य कृते "Open Tender" इत्यस्मात् www.ireps.gov.in - S.No.: 1. E-Tendering Number: आर टी एम-2025-26-206। कार्य का नाम : रतलाम विभाग - कास्ट इन सिटु प्रदान करना SPBG-UJN, UJN - PAWASA, UJN - VRG, FTD के बीच सीमा दीवार कुल 7.87 कि.मी. in connection simahashtha 2028. अनुमानित व्ययः रु. ६,०५,९५,८००.६२ इति । गम्भीरं धनम् : १. रु. १२,११,९००/-. समाप्तिकालः ०८ मासाः। स.नं.: 2. ई-निविदा संख्या: आरटीएम-2025-26- 2. १६४र. कार्य का नाम : आरटीएम विभाग में कार्य निष्पादन - (समष्टि कार्य-सिविल + विद्युत) 1. रतलाम प्रभाग - सी/उन्नयन सहित सिविल कार्य एवं... ०९ स्टेशन (सिंहस्थ २०२८) इति । 2. उज्जैन - सिविल कार्य in C/with -Upgradation and Replacement of दूरसंचारयात्रीसुविधाः तथा विविधसुविधाः सम्बद्धाः सिंहस्थ 2028. अनुमानित व्यय : रु. १,७०,७७,१८४.७७ इति । अर्नेस्ट मनी : रु. ३,४१,६००/- रुपये। कार्यम् समाप्तिकालः १० मासाः। सर्वेषां निविदानां अनुमानितमात्रा : निविदा-अनुसूचनानुसारम्। उपरि उपरि दत्तानां सर्वेषां निविदानां वेबसाइट् मध्ये अपलोड् करणस्य तिथिः : 02.04.2026 सर्वेषां निविदानां निविदा उद्घाटनतिथिः २७.०४.२०२६। विस्तृत निविदा सूचना, परिसर की स्थिति एवं अन्ये नियमाः शर्ताः च www.ireps.gov.in इति जालपुटे उपलभ्यन्ते ।
अस्मान् इव: facebook.com/WesternRly | अस्मान् अनुसरत X.com/WesternRly

## अंतर ढूंढो...





## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | | 7 | 1 | | | |
| 9 | | | | 4 | | 1 | | 3 |
| | 8 | 5 | | | | 6 | | |
| 7 | | | | | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | |
| 2 | | | | | 7 | 9 | | 1 |
| | 9 | 7 | | 6 | | 3 | | |
| | | | | | | | | |
| | 6 | | | 3 | | 4 | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 9 | 7 | 4 | 2 | 3 | 5 | 8 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 3 | 5 | 6 | 4 | 9 | 1 |
| 3 | 1 | 8 | 4 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 |
| 9 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 6 | 7 | 3 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 |
| 8 | 9 | 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 3 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 5 | 6 | 3 | 1 | 2 | 8 | 9 |

## वर्ग पहेली

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | ■ |
| ■ | ■ | | ■ | | ■ |
| ■ | ■ | | ■ | 4 | 5 |
| 6 | | | | | |
| | ■ | | ■ | ■ | |
| | ■ | | ■ | ■ | |
| 7 | | ■ | 8 | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**

1. 1. समझ; बुद्धि; अकल 2. ज्ञान; विद्या 3. तमीज।

4. 1. ईंट का भट्ठा 2. भाड़।

6. न्यायालय या किसी कार्यालय में अभिलेखों की देखभाल करने वाला कर्मचारी या अधिकारी; (रिकॉर्ड कीपर)।

7. हठ करने वाला; जिद्दी; दुराग्रही; टेकी।

8. 1. धनुष; कमान; चाप 2. धनुर्धर 3. (ज्योतिष) बारह राशियों में से एक; (सैगिटेरिअस) 4. रेतीला तट 5. (ज्योतिष) फलित ज्योतिष में एक लग्न।

**ऊपर से नीचे**

2. एक ही महल्ले में रहने वालों में होने वाला आपसी बरताव या लेन-देन।

3. 1. करूणामय कृपा; अनुग्रह 2. दया 3. हमदर्दी; (कंपैशन)।

5. 1. कहकर मुकर जाना; इनकार करना 2. (घोड़े का) धीमी चाल से चलना।

6. 1. भीषण ताप; अत्यधिक गरमी 2. अधिक क्षेत्र में आग लगाना और उससे वस्तुओं को जलाना।

## पिछली वर्ग पहले का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 बु | क | चा | ■ | ■ | 2 म |
| सी | ■ | ■ | 3 ए | ■ | हि |
| ■ | 4 दा | ■ | 5 क | 6 रा | ला |
| 7 अ | व | ले | प | न | ■ |
| 8 म | ना | ■ | दी | ■ | 9 पा |
| री | ■ | ■ | ■ | 10 रे | ट |
| 11 का | पा | लि | क | ■ | न |

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 25 | | 5 | | 6 | | 72 | = | 59 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 60 | | 28 | | 6 | | 24 | = | 14 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 20 | | 20 | | 10 | | 10 | = | 20 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 5 | | 2 | | 1 | | 10 | = | 1 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 60 | | 26 | | 45 | | 28 | = | 25 / 13 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | रा | अ | र | क्षा | र्व | ध | न | इ | क | श |
| ना | वै | र | ह | र | म | त | द | हे | ली | त |
| अ | र | शा | झ | श | शि | हा | र | ल | ल | त्रा |
| पं | म | द | खी | श | मी | डे | शि | श | रा | क |
| च | र | द | प | व | मि | री | श | व | र | ट |
| मी | ह | प | न | पे | पू | ह | न | शि | रा | ती |
| शं | र | म | अं | प | स | थ | दी | ल | विं | त्रि |
| ब | रा | व | ल | ध | इ | क | पा | कां | ज | दू |
| अ | ण | औ | र | जी | ल | [illegible] | व | जो | र | द |
| र | ल | प | चा | मैं | व | ल | ली | री | ठ | थो |
| अ | णे | ल | च | तु | थीं | थ | ल | तु | ध्व | ट |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 7 | 3 |
| 2 | 26 | 4 | 40 | 7 | 38 | 4 |
| | 2 | | 3 | 5 | 1 | |
| | 34 | 3 | 37 | 6 | 30 | |
| | 1 | | 4 | | 5 | |
| 3 | 33 | 2 | 24 | 1 | 27 | 6 |
| | 6 | | 4 | | 3 | |


## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...




## रंग भरकर चित्र बनाओ



# होर्मुज खोलने की अमेरिकी डेडलाइन आज खत्म

# ट्रम्प बोले- समझौता नहीं हुआ तो रात 12 बजे तक ब्रिज-पावर प्लांट तबाह करेंगे

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को होर्मुज स्ट्रेट खोलने के लिए मंगलवार तक का समय दिया था, जो आज खत्म हो रहा है। ट्रम्प पहले ही चेतावनी दे चुके हैं कि अगर ईरान ने रास्ता नहीं खोला तो उसके पावर प्लांट, पुल और अन्य जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाया जाएगा। उन्होंने सोमवार रात को मीडिया से कहा, ह्यहमारे पास एक प्लान है। हर ब्रिज ईरान में मंगलवार रात 12 बजे तक तबाह कर दिया जाएगा। हर पावर प्लांट बिजनेस से बाहर हो जाएगा, यह कभी इस्तेमाल करने लायक नहीं बचेगा। उन्होंने आगे कहा, ह्ययह 4 घंटे के अंदर हो सकता है, अगर हम चाहें। हम नहीं चाहते कि ऐसा हो, लेकिन पूरा देश एक रात में खत्म हो सकता है। ट्रम्प ने कहा कि ईरान को एक फैसला लेना ही होगा। अगर ईरान अमेरिका की शर्तें मान ले, तो युद्ध जल्दी खत्म हो सकता है। ट्रम्प ने इसके लिए ईरान को मंगलवार रात 8 बजे**






## दक्षिण कोरिया के दूत तेल सप्लाई के लिए तीन देशों के दौरे पर जाएंगे

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति के चीफ ऑफ स्टाफ कांग हून-शिक कजाकिस्तान, ओमान और सऊदी अरब का दौरा करेंगे। इस दौरे का मकसद कच्चे तेल और पेट्रोकेमिकल की सप्लाई को सुरक्षित करना है। यह कदम होर्मुज में शिपिंग प्रभावित होने के बीच उठाया जा रहा है, जिससे तेल की आपूर्ति पर असर पड़ रहा है। दक्षिण कोरिया अपनी लगभग 70 प्रतिशत ऊर्जा जरूरतों के लिए मिडिल ईस्ट पर निर्भर है।

## अमेरिकी सांसद बोले- ट्रम्प की धमकी युद्ध अपराध करने जैसा

ईरान की नागरिक सुविधाओं को नष्ट करने की ट्रम्प की धमकी पर एक डेमोक्रेटिक सांसद ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। सांसद क्रिस मर्फी ने कहा कि ट्रम्प का यह बयान उनके पूरे कार्यकाल में सबसे ज्यादा चौंकाने वाला और खतरनाक है। अपने वेबसाइट पर लिखे एक लेख में मर्फी ने कहा कि ट्रम्प ने ईरान को होर्मुज खोलने के लिए अल्टीमेटम देते हुए बड़े पैमाने पर युद्ध अपराध करने की धमकी दी है। मर्फी ने कहा कि ईरान के ऊर्जा प्लांट और पुलों पर हमला करने से हजारों निर्दोष लोग मारे जा सकते हैं, जो इन जगहों पर काम करते हैं या सड़कों से गुजरते हैं। उन्होंने साफ कहा, ह्ययह एक युद्ध अपराध होगा।ह्व मर्फी ने यह भी कहा कि ट्रम्प के आसपास मौजूद लोगों को उन्हें ऐसे कदम उठाने से रोकना चाहिए और सभी को खुलकर आवाज उठानी चाहिए ताकि ऐसे युद्ध अपराध न हों।

## लेबनान में 11 लाख से ज्यादा लोग विस्थापित, चिंता जताई

संयुक्त राष्ट्र  ने बताया है कि लेबनान में अब तक 11 लाख से ज्यादा पुरुष, महिलाएं और बच्चे अपने घर छोड़ने को मजबूर हो चुके हैं। यह संख्या देश की कुल आबादी का लगभग पांचवां हिस्सा है। प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि इनमें से करीब 1.37 लाख लोग राहत शिविरों में रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि ज्यादातर विस्थापित लोग अलग-अलग समुदायों या अस्थायी जगहों पर रह रहे हैं, जहां उन्हें बुनियादी सुविधाएं भी बहुत कम मिल पा रही हैं। इजराइल की सेना ने बताया है कि उसने हाल ही में ईरान के कई इलाकों में नई हवाई हमलों की एक बड़ी कार्रवाई पूरी की है। इन हमलों में राजधानी तेहरान समेत कई अहम इंफ्रास्ट्रक्चर ठिकानों को निशाना बनाया गया। सेना के अनुसार, इस दौरान ईरान की तरफ से दागी गई मिसाइलों को रोकने के लिए इजराइल की रक्षा प्रणाली लगातार काम कर रही है और उन्हें इंटरसेप्ट किया जा रहा है।






## ईरान से आ रहे मिसाइल और ड्रोन को एयर डिफेंस रोक रहा है

संयुक्त अरब अमीरात ने कहा है कि उसके एयर डिफेंस सिस्टम इस समय ईरान से आ रहे मिसाइल और ड्रोन हमलों को रोकने में लगे हुए हैं। के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, देश की वायु रक्षा प्रणाली लगातार सक्रिय है और मिसाइलों, ड्रोन (यूएवी) से पैदा हुए खतरे को खत्म करने के लिए काम कर रही है। ईरान का कहना है कि वह इस समय हमलों से बातचीत कर रहा है। ईरानी नेताओं के मुताबिक, इस युद्ध में अब तक उन्होंने अपने देश पर हुए लगातार हमलों को सफलतापूर्वक रोका है और मजबूत स्थिति में हैं। उनका कहना है कि देश अब भी सुरक्षित है और वह अपनी रक्षा करने में सक्षम हैं। ईरान का दावा है कि उसके पास पर्याप्त हथियार हैं और वह दुनिया की दो सबसे ताकतवर सेनाओं का मुकाबला कर रहा है, इसलिए वह खुद को बढ़त में मानता है। ईरान चाहता है कि ऐसा समाधान निकले जिससे भविष्य में इस तरह के हमले दोबारा न हों। इसी वजह से वह सिर्फ सीजफायर नहीं, बल्कि पूरी तरह युद्ध खत्म करने की मांग कर रहा है। उनका मानना है कि सीजफायर से दुश्मन फिर से युद्ध की तैयारी कर सकता है। इसके अलावा, ईरान होर्मुज के लिए नई व्यवस्था चाहता है, जो पहले से अलग हो। वह चाहता है कि जहाजों पर टैक्स लगाने का अधिकार उसे मिले, ताकि युद्ध में हुए नुकसान की भरपाई की जा सके। ईरान ने लंबे समय से लगे आर्थिक प्रतिबंधों को हटाने की भी मांग की है। उसका कहना है कि ये प्रतिबंध गलत थे और इन्हें खत्म किया जाना चाहिए।

■ वर्ष-12 अंक-153 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, मंगलवासरः 07 अप्रैल, 2026

## सुभाषितानि

तैलाद्रक्षेत् जलाद्रक्षेत्रक्षेत् शिथिल बंधनात्।
मूर्खहस्ते न दातव्यमेवं वदति पुस्तकम्।।

**भावार्थ** : पुस्तक कहती है, तेल से मेरी रक्षा करो, जल से मेरी रक्षा करो, मेरे बंधन को ढीला मत होने दो, और मुझे मूर्ख के हाथों में मत डालो।

दानानां च समस्तानां चत्वार्यतानि भूतले।
श्रेष्ठानि कन्यागोभूमिविद्या दानानि सर्वदा।।

**भावार्थ** : कन्यादान, गोदान, भूमिदान और विद्यादान सभी दानों में सर्वश्रेष्ठ हैं।

## सम्पादकीयम्

### तथापि अन्यत् युद्धम्ः

पाकिस्तानस्य द्विगुणमानकाः उजागरिताः पाकिस्तान-अफगानिस्तानयोः द्वन्द्वस्य महत्तमं मूल्यं सामान्यजनाः एव ददति। डुराण्ड् रेखायाः उभयतः निवसन्तः पूर्वमेव आतङ्कवादं, दारिद्र्यं च सहितं असंख्यकष्टानि सहन्ते। अफगानिस्तानदेशे बहवः निर्दोषजनानाम् जीवनं तुलायां लम्बते। तालिबान्-सङ्घस्य सत्ताप्राप्तेः अनन्तरं द्वयोः राष्ट्रयोः सम्बन्धाः क्षीणाः भवन्ति। पाकिस्तान-अफगानिस्तान समाचार पाकिस्तानस्य अफगानिस्तानस्य च युद्धम् नवीदिल्ली- सम्प्रति सवेर्षां दृष्टिः अमेरिका, इजरायल्, इरान् च सम्बद्धे संघर्षे एव निहिताः सन्ति। संकीर्णं होर्मुज्-जलसन्धिं विषये समग्रं जगत् निःश्वासं धारयति। परन्तु अन्यः प्रदेशः अस्ति यत्र स्थितिः तीव्रगत्या क्षीणः भवति, निदोर्षाः जनाः प्राणान् त्यक्तवन्तः। अफगानिस्तानदेशे पाकिस्तानस्य विमानप्रहाराः अन्तर्राष्ट्रीयकायदानानां मानवअधिकारस्य च प्रकटं उल्लङ्घनम् अस्ति। पाकिस्तानस्य वायुप्रहाराः : द्वयोः राष्ट्रयोः मध्ये नवीनतमः संघर्षः गतमासस्य २६ दिनाङ्के आरब्धः यदा पाकिस्तानेन एकपक्षीयरूपेण मुक्तयुद्धम् इति घोषितम्। पाकिस्तानसैन्येन काबुल-कन्दहार-सहितेषु अनेकक्षेत्रेषु विमान-आक्रमणानि कृतानि सन्ति। तालिबान्-सङ्घस्य आरोपः अस्ति यत् गुरुवासरे रात्रौ एव विमानप्रहाराः कृताः, येषु बहुविधाः जनाः मृताः। तालिबान्-सङ्घस्य प्रतिकारात्मकानि आक्रमणानि अपि क्रियन्ते; तथापि तेषां सैन्यबलं-विशेषतः तेषां वायुक्षमता-पाकिस्तानस्य अपेक्षया बहु न्यूना अस्ति।

### भारतस्य ७ तमः एलपीजी टैंकरः होर्मुज् जलसन्धिं पारयति

# इरान् अतीव विशेषं सन्देशं प्रेषयति ऊर्जा संकटस्य मध्ये राहत




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

मध्यपूर्वे प्रचलति तनावानां मध्ये भारतस्य कृते एकः उपशमप्रदः वार्ताः उद्भूतः। सप्तमः भारतीयध्वजयुक्तः एलपीजी-टैंकरः 'ग्रीन सान्वी' इति होर्मुज्-जलसन्धिं सुरक्षिततया पारितवान् अस्ति । अस्मिन् काले इरान्-देशः भारताय विशेषसन्देशं प्रसारितवान्, यत्र द्वयोः राष्ट्रयोः ऐतिहासिकसम्बन्धस्य स्मरणं कृतम्। एषः विकासः तस्मिन् समये अभवत् यदा वैश्विकतैलप्रदायस्य विषये संकटः वर्तते, अनेके जहाजाः अपि अटन्ति।

मुम्बईनगरे इराणस्य महावाणिज्यदूतावासेन स्वसन्देशे उक्तं यत्, भारत-विशेषतः च गुजरात-देशः अस्माकं साझीकृत-इतिहासस्य गौरवस्थानं धारयति, यतः शताब्दपूर्वं ते अस्माकं भूमितः आगच्छन्तं जनानां हार्दिकं स्वागतं कृतवन्तः। इरान् इत्यनेन अपि उक्तं यत एतस्य अखण्डस्य सभ्यताबन्धनस्य आधारेण वयं मैत्रीसहकार्यस्य सम्बन्धान् अधिकं सुदृढं कर्तुं प्रतिबद्धाः स्मः इति। इरान्-देशः भारतं-विशेषतः गुजरात-राज्यं-अस्य साझीकृत-इतिहासस्य महत्त्वपूर्णः भागः इति वर्णितवान्। एतत् वचनं प्राचीनस्य लोथाल-बन्दरस्य स्मारकरूपेण कार्यं करोति, यत् सहस्त्रवर्षपूर्वं भारत-फारसयोः व्यापारस्य प्रमुखकेन्द्ररूपेण कार्यं करोति स्म

रणनीतिक सहयोग

सुदृढीकरण इरान्-देशः स्वसन्देशे पुष्टिं कृतवान् यत् द्वयोः राष्ट्रयोः सम्बन्धः केवलं इतिहासे एव सीमितः नास्ति; अपितु मैत्रीसहकार्यस्य पोषणस्य प्रतिबद्धता भविष्ये अपि स्थास्यति। एतत् वक्तव्यं तस्मिन् सन्दर्भे आगच्छति यदा भारतेन कूटनीतिकमार्गेण स्वजहाजानां सुरक्षितमार्गः सफलतया सुनिश्चितः कृतः अस्ति।

'ग्रीन सान्वी' इति टैंकरं ४६,६५० मेट्रिकटन एलपीजी भारितम् आसीत्। अद्यपर्यन्तं अन्ये षट् जहाजाः अपि सुरक्षितरूपेण भारतं प्राप्तवन्तः, यदा तु प्रायः १७ भारतीयाः जहाजाः होरमुजजलसन्धिस्य पश्चिमदिशि अटन्ति अस्य संकटस्य कारणात वैश्विकं कच्चे तैलस्य मूल्यं प्रति बैरल् १०० डॉलरस्य समीपं प्राप्तम् अस्ति।

सरकार अफवाहं खारिजं करोति- भारतं प्रति नियतं ईरानीतैलं चीनदेशं प्रति प्रेषितम् इति दावान् केन्द्रसर्वकारेण अङ्गीकृताः। पेट्रोलियममन्त्रालयेन स्पष्टीकृतं यत् भारतेन स्वस्य आवश्यकतानुसारं तैलस्य आपूर्तिः पूर्वमेव सुरक्षिता अस्ति तथा च भुक्तिसम्बद्धाः विषयाः नास्ति इति।

### कोटि-कोटि-राज्यबैङ्कस्य

# धोखाधड़ीं कृतवान् सोनी-अस्पतालस्य निदेशकः

## गृहीतः जबलपुर सीबीआई द्वारा इन्दौर में छापामारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इन्दौर

मध्यप्रदेशस्य इन्दौर-जबलपुरयोः मध्ये विस्तृतस्य वित्तीय-धोखाधड़ी-शृङ्खलायाः प्रमुखं कडिं भङ्क्त्य केन्द्रीय-अनुसन्धान-ब्यूरो (सीबीआई) भारतीयराज्यबैङ्कात् कोटि-कोटिरूप्यकाणां गबनस्य प्रमुख-आरोपिणः गृहीतवान्। इन्दौरनगरे कृते महत्त्वपूर्णे अभियाने सीबीआई-संस्थायाः जबलपुर-दलेन 'सोनी-अस्पताल-लिमिटेड्'-संस्थायाः निदेशकं राजीवलोचनसोनीं स्वनिवासस्थानात् गृहीतम्। अभियुक्ते बैंकस्य विरुद्धं प्रायः 12.87 कोटिरूप्यकाणां ऋणधोखाधड़ीं कृतवान् इति गम्भीराः आरोपाः सन्ति। रोचकं तत् अस्ति यत् सीबीआई-दलेन अभियुक्तं निग्रहे गृहीतस्य तत्क्षणमेव तस्य स्वास्थ्यं सहसा क्षीणं जातम्, अतः तस्य तत्कालं चिकित्सालये प्रवेशः आवश्यकः अभवत् सम्प्रति सीबीआइ तस्य पुनर्प्राप्तेः प्रतीक्षां कुर्वती अस्ति येन सः रिमाण्ड्-मध्ये नीत्वा प्रश्नोत्तर-प्रक्रिया आरभ्यते।

अस्य प्रकरणस्य मूलं २००६ तः २०११ पर्यन्तं कालखण्डात् आरभ्यते, यदा राजीवलोचनसोनी इत्यनेन इन्दौरनगरे स्थितायाः एसबीआई-आईएनटी-शाखायाः नकद-ऋण-सीमायाः, ऋण-पत्रस्य च सुविधानां लाभः प्राप्तः एतेषां ऋणानां सुरक्षिततायै दस्तावेजानां व्यापकं हेरफेरं, जालसाजी च कृता इति अन्वेषणैः ज्ञातम्। बैंकात् कोटिरूप्यकाणां ऋणं प्राप्य अभियुक्तः धनस्य उपयोगं तेषां विशिष्टप्रयोजनानां कृते न कृतवान् यस्य कृते ऋणानि स्वीकृतानि आसन्।

## जम्मू तवीविभागस्य अन्तः उत्तररेलवेद्वारा प्रचलितानां

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

जम्मू तवीविभागस्य अन्तः उत्तररेलवेद्वारा प्रचलितानां आधारभूतसंरचनात्मककायार्णां कारणात्-विशेषतः सेतुमरम्मतकार्यस्य कारणात् रेलयानयानस्य प्रभावः भवितुं शक्नोति। फलतः रेलसंख्या ११४४९/११४५०, जबलपुरझ्श्री माता वैष्णो देवी कटरा-जबलपुर एक्स्प्रेस् (यस्य उत्पत्तिः पश्चिममध्यरेलमार्गात्/समाप्तः) इत्यस्य एकैकं यात्रा आंशिकरूपेण समाप्तं भविष्यति, शहीदकप्तानतुशर्महाजनस्थानके च उत्पत्तिः भविष्यति। रेल संख्या 11449, जबलपुर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस, 31 मार्च 2026 को अपने उत्पन्न स्टेशन–जबलपुर–तः प्रस्थान कर शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन पर समाप्त होगा। अन्येषु शब्देषु शहीद कप्तान तुषारमहाजनस्य श्री माता वैष्णोदेवीकत्रस्य च मध्ये एषा रेलसेवा आंशिकरूपेण रद्दीकृता एव तिष्ठति।

## राशिफल

**मेष** : 7 अप्रैल के दिन मेष राशि वालों को अच्छी खबर मिल सकती है। इस दौरान आपको मनचाही सफलता हासिल होगी।

**वृषभ** : 7 अप्रैल का दिन कुछ बड़े खर्चे लेकर आ सकता है। आपका आर्थिक बजट हिल सकता है।

**मिथुन** : 7 अप्रैल के दिन ऑफिस में प्रमोशन मिल सकता है। दिन के मध्य में गुप्त शत्रुओं से बचकर रहने की जरूरत है।

**कर्क** : 7 अप्रैल के दिन समय मिला-जुला रहने वाला है। दिन की शुरूआत में आपको मेहनत का पूरा फल मिलेगा।

**सिंह** : 7 अप्रैल के दिन सुख-सुविधा से जुड़ी किसी चीज में पैसे खर्च हो सकते हैं। दिन उतार-चढ़ाव भरा साबित हो सकता है।

**कन्या** : 7 अप्रैल के दिन पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। कन्या राशि वालों के लिए आज का दिन शुभ समाचार लेकर आ सकता है।

**तुला** : 7 अप्रैल के दिन तुला राशि वालों को दिन की शुरूआत में कुछ बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है।

**वृश्चिक** : 7 अप्रैल के दिन मिला-जुला रहने वाला है। इस दिन की शुरूआत में नौकरी करने वाले जातकों पर काम का दवाब रहेगा।

**धनु** : 7 अप्रैल के दिन आपका आर्थिक बजट बिगड़ सकता है। दिन के दौरान आप संतान की किसी बात से परेशान रहेंगे।

**मकर** : 7 अप्रैल के दिन समय उतार-चढ़ाव भरा रहने वाला है। किसी काम में सफल होने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है।

**कुंभ** : 7 अप्रैल के दिन परिश्रम का पूरा फल मिलेगा। दिन के बीच में नौकरी करने वाले जातकों को नए अवसर मिलेंगे।


**मीन** : 7 अप्रैल के दिन सेहत का खास ख्याल रखने की जरूरत है। सुख-सुविधाओं से जुड़ी चीजों में पैसे खर्च हो सकते हैं।

## ज्योतिष/वास्तु

# शुक्र-बुध द्विद्वादश योग से इन राशियों को मिलेगा जबरदस्त लाभ, जानें कब चमकेगा भाग्य

ज्योतिष शास्त्र में द्विद्वादश योग को महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि इसका प्रभाव अलग-अलग राशियों पर भिन्न रूप से देखने को मिलता है। आइए जानते हैं शुक्र और बुध के बीच बन रहे इस योग का किन राशियों पर सकारात्मक प्रभाव रहेगा।

11 अप्रैल को बुध ग्रह मीन राशि में प्रवेश करने जा रहे हैं। इस गोचर के साथ ही शुक्र और बुध के बीच एक विशेष ज्योतिषीय स्थिति बनेगी, जिसे द्विद्वादश योग कहा जाता है। वर्तमान में शुक्र मेष राशि में स्थित हैं, जो बुध से दूसरे भाव में माने जाते हैं, जबकि बुध मीन राशि में रहेंगे, जो शुक्र से बारहवें भाव में आते हैं। इस प्रकार दोनों ग्रहों की यह स्थिति द्विद्वादश योग का निर्माण करती है।



ज्योतिष शास्त्र में इस योग को महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि इसका प्रभाव अलग-अलग राशियों पर भिन्न रूप से देखने को मिलता है। आइए जानते हैं किन राशियों के लिए यह योग सकारात्मक परिणाम लेकर आ सकता है।

**वृषभ राशि–** वृषभ राशि के जातकों के लिए यह योग अनुकूल साबित हो सकता है। बुध का प्रभाव आपके लाभ भाव पर पड़ेगा, जिससे करियर में आगे बढ़ने के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत रंग ला सकती है और आय के स्त्रोत मजबूत हो सकते हैं। यदि आपने किसी को धन उधार दिया है, तो उसके वापस मिलने की संभावना बन रही है। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को नई और बेहतर संभावनाएं मिल सकती हैं। शुक्र का प्रभाव जीवन में सुख-सुविधाओं और भौतिक आनंद को बढ़ा सकता है।

**मिथुन राशि–** मिथुन राशि के लिए यह योग नई संभावनाओं के द्वार खोल सकता है। शुक्र के प्रभाव से आपकी रचनात्मक क्षमता में निखार आएगा, जिससे कला, लेखन या डिजाइन जैसे क्षेत्रों में जुड़े लोगों को विशेष लाभ मिल सकता है। आर्थिक रूप से भी स्थिति मजबूत हो सकती है और पुराने आर्थिक संकट दूर हो सकते हैं। कुछ लोगों को अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। इसके साथ ही करियर में तरक्की और पदोन्नति के संकेत भी मिल रहे हैं। स्वास्थ्य के लिहाज से भी यह समय सुधार लेकर आ सकता है।

**मीन राशि–** मीन राशि के जातकों के लिए भी यह योग कई शुभ संकेत दे रहा है। पैतृक संपत्ति या परिवार से जुड़े स्त्रोतों से लाभ मिलने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में आपके प्रदर्शन की सराहना हो सकती है, जिससे आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग मिलेगा और नए अनुभव भी प्राप्त होंगे। जो लोग शेयर बाजार या निवेश से जुड़े हैं, उनके लिए यह समय लाभदायक साबित हो सकता है। पारिवारिक जीवन में सामंजस्य बढ़ेगा और आपकी वाणी का प्रभाव लोगों पर सकारात्मक पड़ेगा।

## खबर एक नजर...

### प्रेम विवाह के 14 साल बाद खाया जहरीला पदार्थ, मौत

**उज्जैन।** सांवेर के समीप गांव में रहने वाले धर्मेन्द्र पिता सालगराम सोनगरा 40 साल ने 14 साल पहले पंवासा क्षेत्र की रहने वाली सुनीता के साथ प्रेम विवाह किया था। 11 साल तक दोनों साथ रहे और तीन बेटियों के माता-पिता बने। 3 साल पहले सुनीता बेटियों को लेकर पंवासा आ गई और पुष्ठा फैक्ट्री में काम करने लगी। रविवार का धर्मेन्द्र पत्नी और बेटियों से मिलने आया और जहरीला पदार्थ खा लिया। पत्नी सुनीता अस्पताल लेकर पहुंची, जहां रातभर चले उपचार के बाद धर्मेन्द्र की सोमवार तड़के मौत हो गई। पंवासा थाना पुलिस ने सूचना मिलने पर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान धर्मेन्द्र की मां रामकुंवर बाई ने आरोप लगाया कि पुत्र ने बहू की वजह से अपनी जान दी है। बहू के राजू नामक व्यक्ति से संबंध थे। पूर्व में राजू और धर्मेन्द्र का विवाद भी हुआ था। पुलिस ने मामले में परिजनों के बयान दर्ज कर जांच की बात कहीं है।

### ई-रिक्शा पलटने पर इंदौर का परिवार हुआ घायल

**उज्जैन।** इंदौर का परिवार सोमवार को धार्मिक यात्रा पर उज्जैन आया था। परिवार के 9 सदस्यों ने सुबह महाकाल दर्शन किये। उसके बाद ई-रिक्शा में सवार होकर गढ़कालिका मंदिर पहुंचे। जहां से काल भैरव मंदिर जाने के लिये निकले। इस दौरान रास्ते में अचानक रिक्शा पलटी खा गया। हादसे में राजेन्द्र पिता खेमचंद नामदेव 45 साल गंभीर घायल हो गये। वहीं अन्य सदस्यों के साथ रिक्शा चालक अजय निवासी पिपलीनाका को भी चोंट आई है। नामदेव परिवार ने बताया कि चालक रिक्शा तेजगति से चल रहा था। जिसके चलते हादसा हुआ है। विदित हो कि शहर में ई-रिक्शा की संख्या 20 हजार के लगभग पहुंच चुकी है। कई नाबालिग भी रिक्शा दौड़ा रहे है। पहले भी कई बार रिक्शा पलटने के मामले सामने आ चुके है।

### विवाद में बदली मजाकबाजी, एक का फोड़ा सिर

उज्जैन। नानाखेडा कालापत्थर क्षेत्र में रहने वाले कृष्णा सेन और पड़ोस में रहने वाले निखिल पिथोरिया के बीच सोमवार सुबह मजाक चल रहा था। अचानक दोनों में विवाद हो गया। कहासुनी इतनी बढ़ गई कि दोनों गुत्थम-गुत्था हो गये। यह देख कृष्णा का बड़ा भाई अजय पिता गोपाल सेन बीच-बचाव करने पहुंचा। तभी निखिल और उसके पिता हुकुमचंद ने क्रिकेट बेट से अजय पर हमला कर दिया। सिर में चोंट लगने से अजय लहूलुहान हो गया। भाई कृष्णा और परिजन उसे चरक अस्पताल लेकर आये। जहां डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया। मामले की सूचना ड्युटी कम्पाउंडर से मिलने पर नानाखेड़ा थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और घायल के बयान दर्ज किये। मामले में पिता-पुत्र के खिलाफ मारपीट की धारा 296 (बी), 115 (2), 351 (3), 3 (5) भारतीय न्याय संहिता का प्रकरण दर्ज किया।

### ट्रेन से गिरकर घायल हुआ युवक

**उज्जैन।** चित्तौड़गढ़ जा रही ट्रेन का सोमवार सुबह बड़नगर में स्टापेज हुआ था। जिसमें उज्जैन की नागेश्वरधाम कालोनी का रहने वाला सुमित पिता नरेश जोशी 19 साल यात्रा कर रहा था। स्टापेज होने पर पानी पीने उतारा, उसी दौरान ट्रेन चल दी। सुमित ने चढ़ने का प्रयास किया लेकिन संतुलन बिगड़ने पर गिर गया। उसके पैर में गंभीर चोंट लगी। प्लेटफार्म पर मौजूद लोगों ने उसे बचाया और बड़नगर अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसे उपचार के लिये उज्जैन चरक अस्पताल रैफर किया गया।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 159-5 | 560-1 |
| मेन बाजार | 478-9 | 137-2 |
| मिलन डे | 450-9 | 889-5 |
| मिलन नाइट | 577-9 | 366-5 |

2 3 6

### ढाबा रोड चौडीकरण में देर शाम को हादसा, कोई जनहानि नहीं

# गेबी हनुमान मंदिर की गली के पास गिरा 3 मंजिला मकान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

ढाबा रोड चौड़ीकरण में सोमवार देर शाम तीन मंजिला मकान अचानक गिर गया। मकान के गिरते ही धुएं का गुब्बार उठा और अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान सामने बने 2 मकान भी क्षतिग्रस्त हो गये। हादसे के बाद क्षेत्र मे अंधेरा छा गया। गनीमत रही कि जनहानि नहीं हुई।

सिंहस्थ 2028 को देखते हुए ढाबारोड क्षेत्र में मार्ग चौड़ीकरण का किया जा रहा है। चौड़ीकरण की जद में आ रहे मकानों, दुकानों को तोड़ा जा रहा है। मार्ग पर गेबी हनुमान मंदिर के मुहाने पर कालू राठौर और अली भाई के मकान बने है। जिनका चौड़ीकरण में कुछ हिस्सा तोडा गया था, मकान पुराने समय के कच्चे बने थे। मकानों के पास सहारा नहीं होने से हवा में झूलने लगे थे। शाम को अचानक दोनों तीन मंजिला मकान ताश के पत्तों की तरह धराशायी हो गये। जैसे ही मकान जमीन पर गिरे धुएं का गुब्बार उठा और मार्ग पर लगे बिजली के तार टूटने पर चिंगारी निकली। मकानों के गिरने पर सामने की ओर बने प्रकाश धानी के मकान कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। पूरे क्षेत्र में अंधेरा छा गया था, गनीमत रही कि कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई। नगर निगम भवन अधिकारी राजकुमार राठौर ने बताया कि चौड़ीकरण के दौरान पहले ही जर्जर मकानों को देखते हुए बेरिकेडिंग करवाकर मकान मालिकों को सूचना पत्र जारी किया जा चुका था। हादसे की जानकारी मिलने पर नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी ढाबारोड पहुंच गये थे।



#### हादसे के समय जारी था आवगमन

खास बात यह थी कि मकान धराशाई होने का यह हादसा पूरी तरह से आवागमन जारी रहने के दौरान ही हुआ। क्षेत्रीय नागरिकों ने मकानों की स्थिति को देखते हुए यहां आवागमन करने वालें लोगों को इधर-उधर किया और सचेत करते रहे। इसके चलते कोई हादसा नहीं हो पाया। क्षेत्रीय नागरिक लालू राजा का कहना था कि उन्होंने नगर निगम सहित प्रशासन के तमाम आला अफसर को काल किया लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया इसके बाद यह हादसा हो गया। सोमवार को ही दोपहर में कलेक्टर ने क्षेत्र का दौरा किया था उन्हें भी इस मामले में कहा गया था।

#### अंधेरे में डूबा पूरा क्षेत्र

हादसे के पहले क्षेत्र में बिजली की एलटी एवं एचटी लाईनें चालू थी। भवन के धराशाई होने के दौरान दोनों ही लाईनें टूट गई जिससे पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूब गया था। जिसके चलते क्षेत्र के नागरिकों को परेशानी बढ़ गई। पूरे क्षेत्र की बिजली व्यवस्था प्रभावित हुई थी।

# मारपीट कर अवैध वसूली करने वाले बदमाशों को भेजा जेल

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

जान से मारने का भय दिखाकर अवैध वसूली करने वाले 4 बदमाशों को सोमवार सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। चारों को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। 3 बदमाशों के खिलाफ पूर्व में भी 10 अपराध दर्ज हो चुके थे।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 8 मार्च को सुमित पिता सरेशचंद्र भाटी निवासी सावरिया कालोनी ने शिकायत दर्ज कराई थी। शाम के समय दोस्त अश्विन गांधी के साथ बाइक से नागेश्वर कालोनी बडनगर तरफ जा रहा था। व्यास कालोनी संजना पार्क में हमें अंकुश दुबे, अभिषेक उर्फ बिटटु और रितीक गेहलोत दिखाई दिये। जो मुकेश जाट के साथ मारपीट कर रहे थे। मुकेश जाट के सिर से खुन निकलने लगा। हम दोनों रूक गये तभी अंकुश दुबे सरिया लेकर मेरे पास आया और मुझे जान से मारने का भय दिखाकर धमकाया कि आज पुराने पैसे नही देगा तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा। अकुंश के साथी भी आ गये और मारपीट करने लगे। यह देख परिचित लोकेश बीच-बचाव करने आया तो अंकुश के चौथे साथी रोशन ने ईंट से हमला कर दिया। चारों जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। थाना प्रभारी के अनुसार सुमित भाटी की शिकायत पर चारों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। चारों लगातार फरार चल रहे थे। एक माह बाद सोमवार को सूचना मिलने पर अंकुश पिता दिलीप दुबे निवासी संजना पार्क, अभिषेक उर्फ बिटटु दुबे निवासी शांतिनिकेतन रोड, रितीक पिता सुरेश गेहलोत शिवाजी रोड और रोशन गेहलोत निवासी खोपदरवाजा बडनगर को गिरफ्तार कर लिया गया। जिन्हे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। अंकुश दुबे के खिलाफ पूर्व में 6, अभिषेक दुबे और रोशन गेहलोत के खिलाफ पूर्व में 2-2 प्रकरण दर्ज है।

### पिकअप से आये थे पांच बदमाश, 3 की तलाश में दबिश

# गरोठ हाईवे से गिरफ्त में आये टायर चोरी के 2 आरोपी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पांड्याखेड़ी ब्रिज के पास खड़े ट्रक के 3 टायर चोरी करने वाले 2 बदमाशों को रविवार-सोमवार रात गरोठ हाइवे से हिरासत में लिया गया। दोनों पिकअप में 2 टायर बेचने की फिराक में निकले थे। दोनों के 3 साथी फरार है, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

पंवासा थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई ने बताया कि 3-4 अप्रैल की रात पांड्याखेड़ी ब्रिज के पास डालडा मैदान में खड़े टाटा कंपनी के ट्रक क्रमांक एमपी 14 एलबी 2277 के तीन टायर चोरी होने का मामला सामने आया था। लाखों रुपए कीमत के टायर चोरी करने वालों की तलाश में सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये और आसपास के गैरेजों, कबाड़े की दुकानों और खुले मैदानों की झाड़ियों में सर्चिंग की गई। कैमरों की मदद से पिकअप में बदमाशों के आने की जानकारी सामने आ गई। जिसका पता लगाने के लिये मुखबीर तंत्र को अलर्ट किया गया। रविवार-सोमवार रात पता चला कि बैरागी मोटर्स लिखी पिकअप क्रमांक एमपी 43 जी 2915 गरोठ हाईवे के सर्विस रोड पर खड़ी है। जिसमें 2 बड़े टायर रखे हुए है। संदेह के आधार पर पड़ताल के लिये एएसआई संतोष राव, सावित्री कटारा, सीताराम भूरिया, आरक्षक पंकज पाटीदार को रवाना किया गया। सर्विस रोड पहुंचते ही 2 युवकों ने पुलिस वाहन देख भागने का प्रयास किया। जिन्हे घेराबंदी कर पकड़ा गया और पिकअप को चैक किया। जिसमें 2 टायर रखे होना सामने आया। हिरासत में आये युवकों से पूछताछ करने पर उनके नाम मुकीम पिता मुमताज 23 साल और इरशाद पिता मुमताज 38 साल निवासी क्षत्री मोहल्ला, घोंसला, थाना राघवी सामने आये। दोनों टायर चोरी करना कबूल किया। पुलिस टीम द्वारा पिकअप को जप्त कर दोनों को थाने लाया गया, जहां गिरफ्तारी ली गई। दोनों को सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश किया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। जप्त टायर और पिकअप की कीमत 11.50 लाख सामने आई है।

- **साथियों के साथ मिलकर दिया अंजाम-** एएसआई संतोष राव ने बताया कि दोनों आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि उन्होने रवि उर्फ बेगाना और 2 अन्य के साथ मिलकर टायर चोरी को अंजाम दिया था। वह टायर बेचने के लिये खिलचीपुर गरोठ हाईवे पर आये थे। चोरी में 3 साथियों के नाम सामने आने पर उनकी तलाश शुरू की गई है। एएसआई राव के अनुसार गिरफ्त में आये दोनों आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी राघवी थाना क्षेत्र में पशुक्रूरता अधिनियम के मामले दर्ज होना सामने आये है, दोनों आरोपी भाई है। एक टायर रवि उर्फ बेगाना की गिरफ्तारी होने पर बरामद किया जायेगा।
- **चालक ने दर्ज कराई थी चोरी की शिकायत-** खड़े ट्रक के तीन टायर (डिस्क सहित) चोरी होने की शिकायत चालक असीम तिलकर निवासी किशनपुरा ने अपने मैनेजर योगेन्द्र चौधरी के साथ पंवासा थाने पहुंचकर दर्ज कराई थी और बताया था कि ट्रांसपोर्ट का व्यवसाय करते है। ट्रक को रात में पंड्याखेड़ी के पास मैदान में खड़ा किया जाता है। सुबह ट्रक बिना टायर के मिलने पर आसपास तलाश की, लेकिन नहीं मिले थे।

### 4 माह से थी तलाश, कारतूस के साथ देशी कट्टा बरामद

# सलाखों में सुपारी देकर हमला करवाने वाला बदमाश

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सरपंच चुनाव की रंजीश में सुपारी देकर हमला कराने वाले हिस्ट्रीशिटर बदमाश को 4 माह बाद रविवार-सोमवार रात इंजीनियरिंग कॉलेज मार्ग मालनवास के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। जिसके पास से 3 कारतूस लगा देशी कट्टा बरामद हुआ है। बदमाश को कोर्ट में पेश कर जेल की सलाखों में भेजा गया है।

नरवर थाना क्षेत्र में 17 दिसंबर को ग्राम सिलारखेड़ी में रहने वाले अभिषेक परमार और उसके परिवार के 2 सदस्यों पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया था। मामले में पुलिस ने 11 संगीन धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया था। एक माह बाद पुलिस ने हमले में शामिल देवास जिले के भौरासा थाना क्षेत्र स्थित ग्राम बलाईखेड़ा में रहने वाले 6



हमलावरों लाखन, कृष्णा अवतार, रंजीत, अर्जुन और विजय गुर्जर को गिरफ्तार किया था। हमलावरों ने पूछताछ में बताया था कि उन्हे हमला करने के लिये पांच लाख की सुपारी मिली थी। सिलारखेड़ी के रहने वाले अजय पिता बाबूलाल परमार ने सुपारी दी थी और 1 लाख एडवांस दिये थे। मामला सुपारी कांड से जुड़ा सामने आया तो अजय को भी आरोपी बनाया गया, जो हिस्ट्रीशिटर बदमाश है। नरवर पुलिस उसकी लगातार तलाश कर गिरफ्तारी के प्रयास कर रही थी। थाना प्रभारी बल्लू मंडलोई ने बताया कि रविवार रात खबर मिली कि उक्त सुपारी देने वाला बदमाश उज्जैन की महाकाल वाणिज्य कालोनी में किराये का मकान लेकर निवास कर रहा है। तत्काल टीम के साथ उसकी गिरफ्तारी के लिये दबिश दी गई। इस दौरान बदमाश इंजीनियरिंग कॉजेल मार्ग मालनवास क्षेत्र में दोपहिया वाहन से किराये के मकान की ओर जाता मिल गया। जिसे कस्टडी मे लिया गया और तलाशी ली गई तो उसके पास से देशी कट्टा और 3 जिंदा कारतूत भी बरामद हो गये। मामले में पूर्व से दर्ज प्रकरण में आयुध अधिनियम की धारा 25, 27 का इजाफ कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल की सलाखों के पीछे भेजा गया है।

#### लूट हत्या के मामले सहित 18 केस दर्ज

थाना प्रभारी बल्लू मंडलोई ने बताया कि सुपारी देकर हमला करवाने वाले बदमाश अजय के खिलाफ नरवर और माधवनगर थाना क्षेत्र में 18 अपराध दर्ज है। जिसमें 3 मामले लूट के माधवनगर थाने में दर्ज है। नरवर में हत्या के प्रयास, चाकूबाजी, आर्म्स एक्ट, मारपीट, षडयंत्र के दर्ज है। अभिषेक परमार के परिवार से बदमाश की सरपंच चुनाव के समय से रंजीश चली आ रही है। पूर्व में विवाद होने पर मारपीट हुई थी। जिसमें बदमाश अजय घायल हुआ था। उपचार के दौरान उसका एक पैर डॉक्टरों को काटना पड़ा था। उसी का बदला लेने के लिये सुपारी देकर अभिषेक परमार पर हमला कराया गया था। दोनों पक्ष एक परिवार के है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com